UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-275 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 17 सितम्बर 2026 youngbharatE-paper.com

लखनऊ से शुरू 'भारत टैक्सी' को सभी 75 जिलों तक ले जाएगी योगी सरकार

संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

(यंग भारत न्यूज)

प्रदेश के लोगों की यात्रा सुविधा में अब बड़ी क्रांति आने वाली है। इसके तहत डबल इंजन सरकार प्रदेशवासियों को बड़ी सुविधा देने जा रही है। लखनऊ-कानपुर में सक्रिय 'भारत टैक्सी' मॉडल जल्द ही अन्य जिलों में पहुंचाने की तैयारी है।

आने वाले समय में इस सुविधा को सभी 75 जिलों तक पहुंचाया जाएगा। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के जरिये इस सुविधा को शहर से गांवों तक पहुंचाने की योजना है। योगी सरकार जल्द ही प्रदेश वासियों को इस सुविधा की सौगात देगी। खास बात ये है कि इसमें बाइक, ऑटो और कैब तीनों तरह की सुविधाएं मिलेंगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस सहकारी टैक्सी मॉडल को प्रदेशव्यापी स्वरूप देने की तैयारी है। खास बात यह होगी कि यात्रियों के लिए जीरो कमीशन और नो-सर्ज प्राइसिंग वाला विकल्प होगा, जबकि चालकों को कारोबार में हिस्सेदार बनाने की अवधारणा है। शहरों के साथ इस मॉडल को गांवों तक पहुंचाया जाएगा। 'भारत टैक्सी' मॉडल को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों तक पहुंचाने की योजना है। यह पहल ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब जिले के अंदर और एक जिले से दूसरे जिले तक आवागमन, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, अस्पताल, बाजार या किसी अन्य स्थान तक पहुंचने के लिए लोगों को स्थानीय परिवहन विकल्प की जरूरत पड़ती है। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में एक समान टैक्सी विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में भारत टैक्सी मॉडल को विस्तार देने से आम यात्रियों के लिए सुविधा का दायरा बढ़ जाएगा। लखनऊ से शुरू हुए मॉडल को प्रदेश के सभी 75 जिलों तक ले जाने की तैयारी का सीधा मतलब है कि टैक्सी सेवा को केवल राजधानी या बड़े शहरों तक सीमित रखने के बजाय जिलास्तर तक पहुंचाने का प्रयास होगा। इससे छोटे शहरों में रहने वाले लोगों को भी संगठित टैक्सी सेवा का एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा। यात्रियों के लिए इस मॉडल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू नो-सर्ज प्राइसिंग है। टैक्सी की मांग बढ़ने पर किराये में अचानक होने वाली वृद्धि यात्रियों के बजट को प्रभावित करती है। ऐसे में नो-सर्ज व्यवस्था आम लोगों को किराये में अचानक उछाल से अलग एक विकल्प उपलब्ध कराने की कोशिश है। यानी यात्रा के लिए टैक्सी चुनने वाले व्यक्ति के सामने ऐसा मॉडल होगा जिसमें पीक डिमांड के आधार पर किराये में सर्ज लगाने की व्यवस्था नहीं होगी। यह खासतौर पर उन यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगी, जिन्हें जरूरी काम से भीड़भाड़ वाले समय में यात्रा करनी पड़ती है। भारत टैक्सी मॉडल में सुविधा केवल यात्री तक सीमित नहीं है। टैक्सी चलाने वाले सारथियों को भी व्यवस्था में हिस्सेदारी देने की अवधारणा इसका अहम हिस्सा है। जीरो कमीशन मॉडल में चालक की कमाई से प्रति-यात्रा प्लेटफार्म कमीशन काटने के बजाय सहकारी व्यवस्था के जरिये उसे कारोबार से जोड़ने का प्रयास है। टैक्सी चलाने वाला व्यक्ति केवल सेवा देने वाला चालक न रहकर कारोबार में हिस्सेदार बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। यात्री के लिए इसका महत्व इसलिए भी है कि मजबूत और टिकाऊ चालक नेटवर्क किसी भी टैक्सी सेवा की उपलब्धता और निरंतरता के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस योजना का दायरा केवल जिला मुख्यालयों तक सीमित रखने की तैयारी नहीं है। पीएसीएस यानी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के जरिए भारत टैक्सी मॉडल को गांवों तक पहुंचाने की योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्सी या कैब के विकल्प सीमित होने की स्थिति में यह व्यवस्था लोगों के लिए स्थानीय परिवहन का नया माध्यम बन सकती है। अस्पताल, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे या जिला मुख्यालय तक आने-जाने वाले लोगों के लिए स्थानीय स्तर पर टैक्सी उपलब्धता बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही गांवों में वाहन संचालन से जुड़े स्थानीय स्वरोजगार के अवसर भी विकसित होंगे। सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क से परिवहन सेवा को जोड़ने का उद्देश्य इसी व्यापक पहुंच को मजबूत करना है। एक अधिकारी ने बताया कि भारत टैक्सी का प्रस्तावित विस्तार यात्रियों और सारथियों, दोनों को साथ लेकर चलने वाला मॉडल है।

फिरोजाबाद पुलिस के लात मारने से गर्भवती महिला की मौत, छह पुलिसकर्मी निलंबित

(यंग भारत न्यूज)

फिरोजाबाद: यूपी पुलिस पर अक्सर आरोप लगने के मामला सामने आते रहते हैं। ताजा मामला उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से सामने आया है। जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में दो उप निरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर लात मारने से एक गर्भवती महिला की मौत के आरोप लगने के बाद निलंबित कर दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने सोमवार को उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, मुख्य आरक्षी मोहन सिंह, अरविंद कुमार, आरक्षी भवतोष कुमार और कुलदीप कुमार को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। परिजनों के अनुसार, शिकोहाबाद के लभऊआ गांव निवासी गौरव को चोरी के मामले में पकड़ने के लिए रविवार रात करीब पौने 12 बजे उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह पुलिस बल के साथ उसके घर पहुंचे थे। आरोप है कि पति को साथ न ले जाने की गुहार लगाते हुए गर्भवती अंजलि (28) उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह को रोकने की कोशिश करने लगी, जिस पर पुलिस अधिकारी ने महिला के पेट पर कथित रूप से लात मार दी। इससे वह गिर गई। परिजनों के अनुसार, गौरव को पुलिस अपने साथ ले गई, जिसके बाद अंजलि की तबीयत बिगड़ गई। उसे शिकोहाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार सुबह उसने बेटे को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के बाद अंजलि की हालत और बिगड़ने पर उसे फिरोजाबाद के लक्ष्मी फाउंडेशन अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि अंजलि की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गौरव को छोड़ दिया। अंजलि की मौत के बाद ग्रामीणों ने थाने में हंगामा किया और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अंजलि ने जिस बच्चे को जन्म दिया उसकी हालत भी गंभीर है और उसे आगरा भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला के शव का देर रात पोस्टमार्टम कराया गया और इसके बाद रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

6 महीने में एक लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी, सीएम योगी ने किया बड़ा ऐलान

(यंग भारत न्यूज)

गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 40 करोड़ रुपये की लागत वाली 119 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने भव्य कल्याण मंडपम् का भी उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हो चुके हैं और आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सरकार विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है। सीएम योगी ने कहा, 'हम अगले 6 महीने के अंदर, विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले एक लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी यूपी में उपलब्ध करवाएंगे। सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।' मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति का जिक्र करते हुए पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय सरकारी

नौकरियों के विज्ञापन तो जारी होते थे, लेकिन भर्ती प्रक्रिया में सौदेबाजी और वसूली का बोलबाला था। उनके मुताबिक, इसकी वजह से योग्य युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाती थी और उनका भविष्य प्रभावित होता था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में विवाद और अदालतों की ओर से लगने वाले स्टे के कारण युवाओं का समय और भविष्य दोनों प्रभावित होते थे। उन्होंने दावा किया कि उस दौर में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब होने के कारण विकास कार्य भी प्रभावित हुए। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार के पास विकास को लेकर स्पष्ट विजन नहीं था और प्रदेश में अव्यवस्था का माहौल था। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास और रामगढ़ ताल का जिक्र करते हुए कहा कि पहले यहां गंदगी और अपराध का माहौल था और डर के कारण लोग इस इलाके में जाने से बचते थे। उन्होंने कहा कि यह स्थिति गोरखपुर की पहचान नहीं थी, बल्कि पिछली सरकारों की नीतियों का परिणाम थी। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन में गोरखपुर आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब कर्फ्यू और दंगों से मुक्त है और कानून का राज कायम है। उनके मुताबिक, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और अब कोई अपराधी खुलेआम धमकी देने, अपहरण करने या व्यापारियों से फिरौती मांगने का दुस्साहस नहीं कर सकता। सीएम योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर व्यक्ति को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सभी पर्व और त्योहार शांतिपूर्ण और बेहतर वातावरण में आयोजित हों, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

कितनी सीटें जीत सकती है राहुल-अखिलेश की जोड़ी? डॉ. लक्ष्मण यादव के कैलकुलेशन ने बढ़ाई सियासी हलचल

(प्रधान सम्पादक)

(यंग भारत न्यूज)

प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बिसात अभी से बिछने लगी है. भाजपा जहां अपनी सत्ता बरकरार रखने की रणनीति पर काम कर रही है, वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं.इसी बीच राजनीतिक विश्लेषक डॉ. लक्ष्मण यादव ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी की चुनावी संभावनाओं को लेकर अपना आकलन सामने रखा है.डॉ. लक्ष्मण यादव का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव आया है. उनके मुताबिक 2027 का विधानसभा चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन या सत्ता बरकरार रखने का चुनाव नहीं होगा, बल्कि इसका असर देश की राजनीति और आने वाले वर्षों के राजनीतिक समीकरणों पर भी पड़ेगा. 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था. इस गठबंधन के प्रदर्शन ने यूपी की राजनीति में नए समीकरणों की चर्चा तेज कर दी. अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या विधानसभा चुनाव में भी दोनों दल साथ आते हैं

और अगर ऐसा होता है तो यह गठबंधन भाजपा के सामने कितनी बड़ी चुनौती खड़ी कर सकता है. डॉ. लक्ष्मण यादव ने इसी राजनीतिक समीकरण को लेकर अपना आकलन पेश किया है. उनका विश्लेषण 2024 के बाद बदले माहौल, विपक्षी एकजुटता, भाजपा विरोधी रुझान और सामाजिक समीकरणों के आधार पर है. यूपी की चुनावी राजनीति में समाजवादी पार्टी का यूपी यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समीकरण अहम माना जा रहा है. वहीं भाजपा के सामने सत्ता विरोधी माहौल को नियंत्रित करने और अपने सामाजिक गठबंधन को मजबूत बनाए रखने की चुनौती होगी. इसके अलावा क्स्क की स्थिति और विपक्षी वोटों के बंटवारे का फैक्टर भी 2027 के चुनावी गणित को प्रभावित कर सकता है. डॉ. लक्ष्मण यादव ने अपने आकलन में मायावती और क्स्क की मौजूदा स्थिति को भी महत्वपूर्ण माना है. यही सबसे बड़ा सवाल है. लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव का वोटिंग पैटर्न अलग होता है. 2027 में स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवारों की पकड़, जातीय समीकरण, सरकार का कामकाज और गठबंधन का स्वरूप सीटों के गणित को बदल सकते हैं. इसलिए लक्ष्मण यादव का यह कैलकुलेशन एक राजनीतिक आकलन है, चुनाव का आधिकारिक अनुमान या सर्वे नतीजा नहीं. असली तस्वीर चुनाव की घोषणा, गठबंधन, प्रत्याशियों और जमीनी माहौल बदलने के साथ ही साफ होगी. फिलहाल यूपी की सियासत में सबसे बड़ा मुकाबला भाजपा की सत्ता बरकरार रखने की कोशिश और विपक्ष के सत्ता में वापसी के दावे के बीच दिखाई दे रहा है. राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी अगर फिर साथ मैदान में उतरती है तो 2024 के प्रदर्शन के बाद उसके असर को नजरअंदाज करना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा. वहीं भाजपा के पास सरकार और संगठन की ताकत के साथ अपना मजबूत चुनावी नेटवर्क है. ऐसे में 2027 की लड़ाई में गठबंधन, पीडीए, युवा वोट, सरकार के कामकाज और एंटी-इनकंबेंसी जैसे फैक्टर सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं.

यूपी के पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ा, अब हर महीने मिलेंगे 9 हजार रुपये

(यंग भारत न्यूज)

लखनऊ में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे पंचायत सहायकों के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने पंचायत सहायकों के मानदेय में 3 हजार रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। अब प्रदेश के पंचायत सहायकों को हर महीने 6 हजार रुपये की जगह 9 हजार रुपये मानदेय मिलेगा।

सरकार के इस फैसले से पंचायत सहायकों के मानदेय में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में करीब 57 हजार पंचायत सहायक काम कर रहे हैं। लंबे समय से पंचायत सहायक मानदेय बढ़ाने समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज उठा रहे थे। लखनऊ में भी पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया था। इसके बाद सरकार की ओर से मानदेय बढ़ाने का फैसला सामने आया है। नए फैसले के मुताबिक अब पंचायत सहायकों को हर महीने 9 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। इससे पहले उन्हें 6 हजार रुपये प्रति माह मिलते थे। यानी प्रत्येक पंचायत सहायक को अब हर महीने 3 हजार रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। सालाना आधार पर देखें तो मानदेय में 36 हजार रुपये की बढ़ोतरी होगी। पंचायती राज विभाग के स्तर पर मानदेय बढ़ाने का फैसला लिया गया है। पंचायत सहायकों की ग्रामीण स्तर पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां होती हैं। ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन कार्य, सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में पंचायत सहायकों की भूमिका रहती है। ऐसे में मानदेय बढ़ाए जाने के फैसले से प्रदेशभर में कार्यरत हजारों पंचायत सहायकों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। सरकार के फैसले के बाद पंचायत सहायकों के बीच खुशी का माहौल है। मानदेय में 50 फीसदी बढ़ोतरी को उनके लिए बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि पंचायत सहायकों की अन्य मांगों पर सरकार की ओर से क्या निर्णय लिया जाता है, इस पर भी उनकी नजर बनी हुई है। प्रदेश में 57 हजार पंचायत सहायकों के मानदेय में बढ़ोतरी का सीधा असर राज्य के बजट पर पड़ेगा। सरकार के इस फैसले से पंचायत स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता मिलेगी। अब पंचायत सहायकों को 6 हजार के बजाय 9 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। सरकार के इस फैसले के बाद लखनऊ में चल रहे पंचायत सहायकों के आंदोलन का रुख भी बदलने की संभावना है। हालांकि धरना समाप्त होगा या नहीं, यह पंचायत सहायकों की अन्य मांगों और सरकार के साथ आगे होने वाली बातचीत पर निर्भर करेगा। फिलहाल सबसे बड़ा फैसला मानदेय बढ़ाने का है, जिससे प्रदेश के करीब 57 हजार पंचायत सहायकों को लाभ मिलेगा।

'यूपी में अब कर्फ्यू-दंगे का इतिहास खत्म, माफिया और मच्छर दोनों हो चुके हैं गायब'. सीएम योगी का बड़ा बयान.

(यंग भारत न्यूज)

योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को 40 करोड़ रुपये की लागत वाली 119 विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है। लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कूड़े के ढेर की जगह बने भव्य 'कल्याण मंडपम' का भी उद्घाटन किया।

सीएम योगी ने कहा कि जगह वही है, बस नेतृत्व और नीतियां बदलने से उत्तर प्रदेश में चौतरफा विकास हो रहा है। आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित है, बेटियां और व्यापारी पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा राज्य अब पूरी तरह दंगा, कर्फ्यू और इंसेफेलाइटिस मुक्त हो चुका है। बता दें, युवाओं के लिए बड़ा ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि ञ्ञत्ञ्ञ–क्ल्ञ्ञ शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं और आज से ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले अगले 6 महीनों के भीतर 1 लाख से अधिक नौजवानों को बिना किसी भेदभाव के पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सीएम ने यह भी रेखांकित किया कि उनकी सरकार अब तक 9.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाएं प्रदान कर चुकी है। पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश की हालत बदहाल थी, जहां अपराधी खुलेआम धमकियां देते थे। आज उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का जो माहौल बना है, उसी के बलबूते विकास नए आयाम छू रहा है। प्रदेश में अब माफिया और मच्छर दोनों का सफाया हो चुका है और हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

भरोसे की आड़ में बैंक खाता साफ, साइबर पुलिस ने खोला राज

(यंग भारत न्यूज)

दिल्ली: कहानी भरोसे से शुरू हुई और साइबर ठगी पर जाकर खत्म हुई। जिस कर्मचारी पर दुकान और मालिक के मोबाइल तक का भरोसा था वही कथित तौर पर उसी भरोसे को हथियार बनाकर बैंक खाते पर हाथ साफ करने लगा। कभी मोबाइल हाथ में लिया कभी ऑनलाइन खरीदारी की और कभी फर्जी नाम 'वीर सिंह' बनकर अपनी पहचान छिपाई। लेकिन साइबर पुलिस ने बैंकिंग ट्रांजेक्शन, यूपीआई और ऑनलाइन खरीदारी की कड़ियां जोड़ते-जोड़ते पूरी कहानी का पर्दाफाश कर दिया। उत्तर जिला साइबर पुलिस ने 9 लाख 49 हजार 180 रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में 19 वर्षीय आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ वीर सिंह निवासी सूरजपुर ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले शिकायतकर्ता की दुकान पर कर्मचारी रह चुका था और उसे शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन तक पहुंच हासिल थी। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता अभय नगर ने साइबर थाना उत्तर जिले में शिकायत दी कि उनके एचडीएफसी बैंक खाते से 9 मार्च से 15 अप्रैल 2026 के बीच कुल 21 अनधिकृत यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए 9,49,180 रुपये निकाल लिए गए। खास बात यह रही कि शिकायतकर्ता को इन लेन-देन के संबंध में अपेक्षित ट्रांजेक्शन अलर्ट भी नहीं मिले। मामले में साइबर थाना में ई-एफआईआर संख्या 121/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच टीम ने बैंक खाते यूपीआई ट्रांजेक्शन यूटीआर नंबर लाभार्थी और कारोबारी विवरण के साथ-साथ ऑनलाइन खरीदारी के रिकॉर्ड और डिलीवरी की जानकारी खंगाली। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम में से 1,19,180 रुपये से 24 मार्च से 10 अप्रैल के बीच ऑनलाइन खरीदारी की गई थी। इन खरीदारी के लिए 'वीर सिंह' नाम और एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया था। तकनीकी जांच और फील्ड वेरिफिकेशन के बाद यह पहचान अभिषेक सिंह से जुड़ी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी को सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच के मुताबिक आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के भरोसे और मोबाइल तक अपनी पहुंच का फायदा उठाया। वह अलग-अलग बहानों से शिकायतकर्ता का मोबाइल लेता था और उसी डिवाइस से बैंक खाते से जुड़ी ऑनलाइन सुविधाओं का इस्तेमाल कर महंगे सामान का ऑर्डर करता था। पुलिस के अनुसार बैग सूटकेस और कपड़ों सहित कई महंगी वस्तुएं अलग-अलग ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से मंगाई गईं। अपनी पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने 'वीर सिंह' नाम का इस्तेमाल किया और डिलीवरी का पता भी कथित तौर पर बदलकर ऐसा रखा, जिससे सामान उस तक पहुंच सके। सामान हासिल करने के बाद उसे कथित तौर पर बेचकर रकम अपने निजी खर्च में इस्तेमाल की गई। मामले की जांच डीसीपी उत्तर जिला निहारिका भट्ट के समग्र पर्यवेक्षण, अतिरिक्त डीसीपी प्रथम पुखराज कमल गुप्ता, और अतिरिक्त डीसीपी द्वितीय राम दुल्ह मीणा के मार्गदर्शन तथा एसीपी ऑपरेशन विशेष धत्तरवाल और थाना प्रभारी साइबर थाना रोहित गहलोत के नेतृत्व में की गई। जांच टीम में एएसआई संदीप और कांस्टेबल अमन शामिल रहे। टीम ने बैंकिंग और यूपीआई रिकॉर्ड से लेकर ऑनलाइन ऑर्डर, मोबाइल नंबर और डिलीवरी विवरण तक का तकनीकी विश्लेषण किया। इसी डिजिटल सुराग ने पुलिस को आरोपी तक पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक रेडमी मोबाइल फोन और एक आईटेल कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया है। इसके अलावा मामले से जुड़े अन्य डिजिटल साक्ष्य भी जांच के लिए कब्जे में लिए गए हैं। पुलिस अब ठगी की बाकी रकम का पूरा मनी ट्रेल खंगाल रही है। साथ ही ठगी से हासिल रकम की बरामदगी और किसी अन्य व्यक्ति की संभावित भूमिका की भी जांच की जा रही है।

फर्जी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़, सोनभद्र में मधु पांडेय गिरफ्तार, खुद को बताती थी नक्सलियों की रिश्तेदार

(यंग भारत न्यूज)

सोनभद्र। रायपुर थाना पुलिस ने गुजरात के युवक को खलियारी में बुलाकर फर्जी शादी कराने, धमकी देकर उससे एक लाख 60 हजार रुपये की वसूली करने के आरोप में बुधवार को मीरजापुर जनपद के अदलहाट थाना क्षेत्र के छोटा मीरजापुर गांव निवासी मधु पांडेय को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसे हिंदुआरी फ्लाईओवर के पास पकड़ा। मधु और उसके अन्य साथियों पर खुद को नक्सलियों का रिश्तेदार बताकर धमकी देकर पीड़ित से रुपये की वसूली का आरोप है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि महिला के पास से 6,920 रुपये नकद व एक मोबाइल बरामद हुआ है। गुजरात के बनासकांठा जिला के पालनपुर थाना क्षेत्र के कोटड़ा गांव निवासी राजेश कुमार को पांच लोगों ने शादी कराने का झांसा देकर खलियारी बुलाया। वहां से शादी के लिए साडी, कपडे खरीदवाई। खलियारी बाजार में उसे दुल्हन नेहा पांडेय व दुल्हन का चाचा कहने वाले अशोक, दलाल जितेन्द्र मिले। एक औरत साथ में और थी जो स्वयं को नेहा पांडेय की मां मधु पांडेय बता रही थी। वहां से तीनों उन्हें रायपुर पहाडी के ऊपर स्थित वन देवी मंदिर पहुंचे, जहां शादी की औपचारिक रस्म पूरी की गई। मधु पांडेय दो लाख रुपये मांगने की जिद करने लगी। सबने मिलकर धमकी दी और 1.60 लाख रुपये ले लिया। पुलिस इस मामले में एक आरोपित पड़री गांव निवासी अशोक जायसवाल को सोमवार को ही गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य की तलाश कर रही है।

साहब, ससुराल में होता है देह व्यापार!' नवविवाहिता के गंभीर आरोपों से मचा हड़कंप, सास पर भी लगाए सनसनीखेज आरोप

(यंग भारत न्यूज)

इज्जतनगर थाना क्षेत्र से विवाहिता के उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज की मांग, मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और कथित तौर पर देह व्यापार में शामिल होने के लिए दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में उसे दहेज को लेकर ताने दिए जाते थे। उसका कहना है कि उससे लगातार अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बनाया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि ससुराल में कथित तौर पर चल रही अनैतिक गतिविधियों में उसे शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की गई। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस जांच में यह स्पष्ट होगा कि महिला द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और नामजद लोगों की भूमिका क्या रही। महिला के मुताबिक, करीब तीन साल पहले उसने इज्जतनगर निवासी उवैस के साथ प्रेम विवाह किया था। उसका कहना है कि शादी से पहले दोनों के बीच संबंध ठीक थे, लेकिन विवाह के बाद परिस्थितियां बदलने लगीं। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि शादी के बाद उसके पति, सास, ससुर और अन्य ससुराल वालों ने उसे दहेज को लेकर ताना देना शुरू कर दिया। कथित तौर पर उससे कहा जाता था कि वह अपने मायके से पर्याप्त दहेज लेकर नहीं आई है। महिला का आरोप है कि धीरे-धीरे दहेज को लेकर दबाव बढ़ता गया। इसी दौरान उसने ससुराल में कथित तौर पर चल रही एक ऐसी गतिविधि का भी विरोध किया, जिसमें उसे शामिल होने के लिए कहा जा रहा था। शिकायत में महिला ने बेहद गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उस पर दूसरे पुरुषों के साथ संबंध बनाने और कथित देह व्यापार में शामिल होने के लिए दबाव बनाते थे। महिला के मुताबिक, उसने इस तरह की किसी भी गतिविधि में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि उसके विरोध के बाद ससुराल में उसके साथ व्यवहार और ज्यादा खराब हो गया। महिला ने आरोप लगाया कि पति और सास की ओर से उस पर लगातार दबाव बनाया जाता था। जब वह उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुई तो कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे मानसिक रूप से परेशान किया गया। पुलिस अब इस आरोप की भी जांच कर रही है कि क्या वास्तव में महिला पर किसी तरह की अनैतिक गतिविधि में शामिल होने का दबाव बनाया गया था या नहीं। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि ससुराल में दहेज को लेकर हो रहे दबाव की जानकारी उसने अपने मायके वालों को दी थी। उसका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर बताया गया है। महिला के अनुसार उसके पिता मजदूरी करते हैं। आरोप है कि बेटी का घर बचाने के लिए उसके पिता ने कर्ज लेकर ससुराल पक्ष की मांग पूरी करने की कोशिश की। महिला का कहना है कि इसके बावजूद ससुराल वालों की मांग खत्म नहीं हुई। कुछ समय बाद कथित तौर पर फिर से बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये नकद की मांग की जाने लगी। महिला का आरोप है कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह दोबारा इतनी बड़ी मांग पूरी कर सके। जब महिला ने इस मांग को पूरा करने से इनकार किया तो विवाद बढ़ता चला गया। महिला ने शिकायत में 25 जून की रात हुई कथित घटना का भी जिक्र किया है।

सेवा भाव से मनेगी अटल जयंती: स्वच्छता श्रमदान, फल वितरण और 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की तैयारी

जालौन: पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के पावन अवसर पर जालौन नगर में 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्र निर्माण, समर्पण और अंत्योदय की भावना को समर्पित इस अभियान के तहत पूरे दिन विविध जनकल्याणकारी और सामाजिक गतिविधियां आयोजित होंगी।

कार्यक्रम की तय रूपरेखा इस प्रकार है:

प्रात: 8:00 बजे 7 चुर्खीवाल तालाब पर स्वच्छता अभियान:

कार्यक्रम की शुरुआत चुर्खीवाल तालाब पर वृहद स्वच्छता अभियान और श्रमदान के साथ होगी, जिसमें कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे।

पूर्वाह्न 11:00 बजे 7 मरीजों को फल वितरण:

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन में भर्ती उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे।

दोपहर 2:00 बजे 7 वृद्धाश्रम में भोजन वितरण:

कालिंद्री टॉकीज एवं कुंवर पैलेस स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों और जरूरतमंदों के बीच सम्मानपूर्वक भोजन वितरण संपन्न होगा।

सायं 6:30 से 7:00 बजे 7 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्ज्वलन:

नगर के सभी वार्डों के सभासद अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के लाभार्थी परिवारों के आवासों पर पहुंचेंगे। इसके साथ ही ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब पर दीप प्रज्ज्वलित कर 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाएगा।

आयोजकों ने समस्त नगरवासियों, प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं से इन सभी सेवा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही अभियान से जुड़े प्रेरक पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर इस सेवा संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

योगी सरकार की सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगा 'सेवा संकल्प अभियान'

(यंग भारत न्यूज)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और विकास की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलेगा।एक माह के अभियान के जरिए योगी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों की सफलता की कहानियां सामने लाने के साथ प्रदेशवासियों को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ा जाएगा। अभियान के प्रभारी एवं उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में शासन से जनपद स्तर तक त्रिस्तरीय समन्वय व्यवस्था बनाई गई है।

अभियान में केंद्र सरकार के 12 वर्षों और राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों से आए बदलावों को प्रस्तुत करने पर जोर रहेगा। केंद्र एवं राज्य की योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों का त्रिस्तरीय डेटा बैंक तैयार होगा। कुल 4.19 करोड़ परिवारों और 15.74 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के 3.51 करोड़ परिवार व 13.01 करोड़ लाभार्थी तथा शहरी क्षेत्र के 0.68 करोड़ परिवार व 2.73 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं। अभियान में 'आशीर्वाद का दीया', 'मेरे सपनों का भारत: चित्र सेवा', 'नमो सेवा-अनकही कहानियां', 'आंगन मिलन सेवा', 'सेवा की कहानी', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग', 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' और 'सुशासन सेवा संवाद' आयोजित होंगे। 17 सितंबर को 'सेवा दिवस-आशीर्वाद का दीया' से शुरुआत होगी। शाम सात बजे घरों और प्रतिष्ठानों पर दीप प्रज्वलन कर सेवा एवं विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने का आह्वान किया जाएगा। अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान शिविर, विश्वकर्मा जयंती पर टूल किट वितरण तथा चयनित विकास एवं अवस्थापना परियोजना स्थलों पर दीप प्रज्वलन होगा। 'मेरे सपनों का भारत: चित्र सेवा' के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक विद्यालयों में कक्षा 5 से 8 के लिए चित्रकला तथा कक्षा 9 से 12 के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में चित्रकला, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला

स्तरीय प्रदर्शनी के बाद 7 अक्टूबर को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी होगी। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री के डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार दिए जाएंगे। 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के तहत प्रत्येक जनपद में 18 से 20 कलाकारों की सांस्कृतिक टोलियां गठित होंगी। प्रत्येक विधानसभा में सात कार्यक्रम होंगे। ग्राम पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर 25 से 30 मिनट की प्रस्तुति के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास की कहानी पहुंचाई जाएगी। 'सेवा की कहानी' डिजिटल एवं रील अभियान में 25 लाख लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव पर 60 सेकंड की रील्स तैयार होंगी। आवास, विद्यालय, पंचायत भवन, पुस्तकालय, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इनलैंड पोर्ट, मेट्रो, आरआरटीएस और विश्वविद्यालयों से जुड़ी विकास कहानियां प्रदर्शित की जाएंगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा' में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय उत्सव एवं संवाद होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा दीदियों और उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं का सम्मान किया जाएगा। पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला योजनाओं की जानकारी के साथ हेल्दी बेबी शो, बच्चों को कॉमिक बुक्स, खिलौने, फल-मिठाई, अतिरिक्त पोषाहार एवं सामग्री वितरण होगा।7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति कलश यात्रा-विकसित भारत का संकल्प' आयोजित होगी। प्रमुख चौराहों पर सेवा कलश स्थापित किए जाएंगे। पैदल, साइकिल और बाइक रैलियों से नागरिक मुख्य आयोजन स्थल पहुंचेंगे। 'वडनगर से वाराणसी यात्रा' में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश की 10 नदियों का जल लेकर 10 टोलियां काशी से वडनगर, गुजरात जाएंगी। मार्ग के जनपदों में चौपाल, जनसंवाद और विकास यात्रा पर आधारित फिल्म प्रदर्शन होंगे। 'सेवा मेरा योगदान' में नागरिक 25 सेवा गतिविधियों में से किसी एक से जुड़ेंगे। रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच, गांव गोद लेना, योग-ध्यान, महिला स्वास्थ्य, शिक्षा सहयोग, करियर काउंसलिंग, वरिष्ठ नागरिकों की डिजिटल साक्षरता, अंगदान, पोषण, सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, फिट इंडिया, दिव्यांगजन सहयोग, मतदाता जागरूकता, वोकल फॉर लोकल और सरकारी योजनाओं की जागरूकता इसमें शामिल हैं।

किसान दिवस में लघु सिंचाई विभाग की शिकायतों पर गरमाया माहौल

-बोरिंग की गुणवत्ता और मानकों पर उठे सवाल, जांच और कार्रवाई की मांग
-खाद-बीज, बिजली, नहर सफाई, अतिवृष्टि मुआवजा और अन्ना गोवंश पर भी हुई चर्चा
-किसानों ने कहा–बार-बार शिकायतों के बावजूद लघु सिंचाई विभाग पर कार्रवाई नहीं
-सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन से जुड़े मामलों की जांच का मुद्दा भी उठा

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विभागवार चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन सहित किसान संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई, अन्ना गोवंश, खाद-बीज वितरण, विद्युत आपूर्ति, नहर व माइनरों की सफाई तथा लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुखता से उठीं।

बैठक में सबसे अधिक चर्चा लघु सिंचाई विभाग को लेकर हुई। किसानों ने मध्यम और गहरी बोरिंग के कार्यों में मानकों तथा गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए। किसानों का आरोप था कि बोरिंग कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं होने से सरकारी धन खर्च होने के बावजूद अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। कई किसानों ने पूर्व में की गई शिकायतों और जांचों का हवाला देते हुए कहा कि बार-बार मामला उठाए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन से संबंधित शिकायतों का भी मुद्दा उठाया। बैठक में किसानों द्वारा कथित धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों तथा जांच के बाद कार्रवाई अथवा जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं होने की बात रखी गई। किसानों ने मांग की कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और जांच की स्थिति से शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए। किसानों का कहना था कि लघु सिंचाई विभाग से संबंधित शिकायतें किसान दिवस की बैठकों में लगातार उठती रही हैं। इसके बावजूद शिकायतों का स्थायी समाधान नहीं होने से किसानों में असंतोष है। किसानों ने बोरिंग कार्यों की गुणवत्ता, स्थल सत्यापन, माप पुस्तिका, भुगतान और लाभार्थियों की वास्तविक स्थिति की जांच कराने की मांग रखी। नहर विभाग से संबंधित समस्याओं में बंबा और माइनरों की सफाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। किसानों ने कहा कि समय से सफाई नहीं होने पर सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है और खेतों तक पानी पहुंचने में परेशानी होती है। किसानों ने नहर एवं माइनरों की सफाई निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने की मांग की। विद्युत विभाग को लेकर किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था, खराब ट्रांसफार्मरों और कृषि कार्यों के लिए बिजली उपलब्धता से जुड़ी समस्याएं रखीं। किसानों ने विद्युत व्यवस्था में सुधार तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण की मांग की। खाद और बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर भी किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग भी बैठक में उठी। अन्ना गोवंश की समस्या पर किसानों ने कहा कि छुट्टा पशुओं के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने गोवंश को गोशालाओं में संरक्षित करने तथा खेतों में पहुंचने से रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था की मांग की। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखा और उनके नियमानुसार समाधान के निर्देश दिए। किसान दिवस में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने स्पष्ट किया कि केवल बैठकों में शिकायत दर्ज करने के बजाय समस्याओं के निस्तारण और जिम्मेदारी तय करने की कार्रवाई भी दिखाई देनी चाहिए। बैठक में किसानों ने लघु सिंचाई विभाग से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच और लंबित मामलों में कार्रवाई की मांग दोहराई। किसान नेताओं ने कहा कि किसान दिवस का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब किसानों की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से निस्तारण हो तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी भी किसानों को दी जाए।

जिले में दम से हुई मनरेगा के सरकारी धन की चोरी , अब हो रही सीना जोरी

-कागजों में बन गया चकरोड, मौके पर फसल खड़ी होने से रास्ता बंद
- ग्रामीणों ने प्रधान पर मनरेगा में अनियमितता और धमकी देने के लगाए आरोप, डीएम से उच्चस्तरीय जांच की मांग

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। विकासखंड कुठौंद क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेड़ा मुस्तकिल में चकरोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। ग्राम निवासी बृजमोहन पुत्र स्व. रामफल के नेतृत्व में महावीर, जगत सिंह, दशरथ सिंह, राजू सिंह, सलमान खान, जियालाल, राम–लखन समेत दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को अपनी शिकायत से अवगत कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा रामशंकर के खेत से रामफल के खेत तक चकरोड निर्माण का कार्य कागजों में दर्शाया गया है, जबकि मौके पर चकरोड का निर्माण पूर्ण रूप से नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त चकरोड का उल्लेख खतौनी में भी दर्ज है, लेकिन वर्तमान में चकरोड पर फसल खड़ी होने के कारण आवागमन का रास्ता बंद है। इससे ग्रामीणों को अपने खेतों तक पहुंचने और बुवाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मनरेगा एवं संबंधित योजना के तहत कराए गए कार्य में भी अनियमितता का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि मजदूरों के जॉब कार्ड के माध्यम से भुगतान कराकर कथित रूप से बड़ी धनराशि वापस ली गई, जबकि मौके पर केवल थोड़े हिस्से में ट्रैक्टर से कार्य कराया गया और आगे का काम नहीं हुआ। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर ग्राम प्रधान हरीबाबू द्वारा उन्हें धमकाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें शिकायत न करने की चेतावनी देते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से मांग की कि चकरोड निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किसी उच्चाधिकारी से कराया जाए तथा जांच केवल एडीओ या सचिव स्तर पर न कराई जाए। साथ ही मौके की स्थिति की जांच कराकर अधूरे चकरोड का निर्माण पूरा कराने की मांग की गई, ताकि ग्रामीणों को खेतों तक आवागमन की सुविधा मिल सके।

प्रेस वार्ता में पत्रकारों की भीड़ देख चौंक उठीं एडीजी, बोलीं–मेट्रो शहर से भी ज्यादा नजर आ रहे पत्रकार

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। जनपद के औचक निरीक्षण पर पहुंचीं एडीजी कानपुर जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने पुलिस ऑफिस और पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के साथ पत्रकारों से भी संवाद किया। पुलिस लाइन उरई में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों की बड़ी संख्या देखकर एडीजी ने हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि यहां पत्रकारों की संख्या किसी मेट्रो शहर से भी अधिक नजर आ रही है।

■ **पुलिस लाइन उरई में एडीजी कानपुर जोन ने पत्रकारों से की वार्ता**
■ **सोशल मीडिया के जरिए पत्रकारिता करने वालों की पहचान व सत्यापन पर जोर**
■ **एसपी को सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों की गतिविधियों की जांच के निर्देश**

एडीजी के साथ आईजी झांसी आकाश कुलहरी भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया और फेसबुक प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वयं को पत्रकार बताने वाले लोग भी पहुंचे। पत्रकारों की भीड़ देखकर एडीजी ने पुलिस अधिकारियों से यहां पत्रकारों की संख्या तथा उनकी पहचान के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पत्रकारिता करने वाले लोगों की पहचान और सत्यापन की व्यवस्था को गंभीरता से देखा जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर पत्रकारिता के नाम पर सक्रिय लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए और आवश्यकतानुसार उनकी पहचान व सत्यापन कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति पत्रकारिता की आड़ में नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एडीजी के निर्देश के बाद पुलिस स्तर पर सोशल मीडिया पर पत्रकारिता के नाम पर सक्रिय लोगों की पहचान और उनकी गतिविधियों की जांच किए जाने की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। औचक निरीक्षण के दौरान एडीजी ने पुलिस विभाग की विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। पुलिस ऑफिस की विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों और कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने के बाद पुलिस लाइन पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। अधिकारियों को कानून–व्यवस्था और पुलिसिंग से जुड़े कार्यों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों की संख्या चर्चा का प्रमुख विषय बनी रही।

सिटी मजिस्ट्रेट, एआरटीओ के साथ ही सफाई निरीक्षक द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

सड़क के किनारे खड़ी भाजपा नेताओं की गाड़ियों के एआरटीओ राजेश कुमार ने किये चालान

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। नवागंतुक जिलाधिकारी समीर कुमार के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने के उद्देश्य से सिटी मजिस्ट्रेट सुशील कुमार के नेतृत्व में एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार के अलावा सफाई निरीक्षक एवं पालिका परिषद उरई की टीम के द्वारा शहर के अम्बेडकर चौराहा से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया इस दौरान अतिक्रमण की जद में वालों का सफाई कर्मचारियों व जेसीबी मशीन के माध्यम से अतिक्रमण साफ कराया गया। इस दौरान मुख्य सड़क की नाली के बाहर खड़े सत्तारूढ़ दल के नेताओं की चारपहिया वाहनों का एआरटीओ राजेश कुमार द्वारा चालान किया गया।इस दौरान प्रशासन के अधिकारियों का साफ कहना था कि अभियान के दौरान किसी के साथ भी भेदभाव नहीं बरता जायेगा तथा शासन व प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान को संचालित किया जा रहा है।

एचआईवी पॉजिटिव मरीज का राजकीय मेडिकल कॉलेज में टोटल हिप रिप्लेसमेंट पूर्ण सफल

आठ साल से एचआईवी संक्रमित मरीज की हुई जटिल सर्जरी

-ऑर्थोपेडिक, एनेस्थीसिया और नर्सिंग टीम ने मिलकर किया सफल ऑपरेशन

(यंग भारत न्यूज)

उरई। राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में चिकित्सकों की टीम ने एक एचआईवी पॉजिटिव मरीज का टोटल हिप रिप्लेसमेंट किया। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि मरीज पिछले करीब आठ वर्षों से एचआईवी से संक्रमित था। ऐसे मरीज का टोटल हिप रिप्लेसमेंट करना चिकित्सकीय दृष्टि से चुनौतीपूर्ण माना जाता है और संक्रमण नियंत्रण सहित कई स्तरों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है।

डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की चिकित्सकीय टीम ने सभी आवश्यक सावधानियों और निर्धारित प्रोटोकॉल के साथ ऑपरेशन को पूरा किया। जटिल सर्जरी के दौरान मरीज की स्थिति पर चिकित्सकों की टीम ने लगातार निगरानी रखी। सर्जरी का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर एवं एचओडी डॉ. सिद्धार्थ ने किया। उनके साथ जूनियर चिकित्सक डॉ. ओमवीर और डॉ. अमित ने सहयोग किया। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. सुनीत और उनकी टीम ने संभाली। वहीं नर्सिंग स्टाफ से वर्षा सिस्टर ने सहयोग किया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार एचआईवी संक्रमित मरीजों की सर्जरी में संक्रमण से बचाव, ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्थाओं और चिकित्सकीय टीम की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जाती है। टोटल हिप रिप्लेसमेंट जैसी जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय महत्वपूर्ण रहा। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने ऑपरेशन में शामिल चिकित्सकों, एनेस्थीसिया टीम और नर्सिंग स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में गंभीर एवं जटिल मामलों के उपचार के लिए चिकित्सकीय सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। मरीज की आगे की स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी जारी रहेगी।

श्री गणेश प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

(यंग भारत न्यूज)

उरई। श्री गणेश महा महोत्सव के शुभ अवसर पर इन्टैक उरई अध्याय व कानपुर बुंदेलखंड प्रांतीय धरोहर समिति संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में श्री गणेश जी की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद की दुर्गा वाहिनी की संयोजक डॉक्टर रचना श्रीवास्तव ने शंख ध्वनि के मध्य श्री गणेश जी तथा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डा0 रचना श्रीवास्तव ने कहा ऐसी प्रदर्शनी से हमें हमारे सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान प्राप्त होता है। यहां एक साथ इतने गणेश जी के स्वरुप देखकर मैं भी बहुत प्रसन्न हूं।

इस प्रदर्शनी के संयोजक डॉक्टर हरीमोहन पुरवार ने बतलाया श्री गणेश जी का उल्लेख हमें ऋग्वेद, अथर्ववेद ,शिव पुराण, आदि में मिलता है । वे वेदव्यास जी की महाभारत के लेखक थे। सतयुग में वे महोत्कट, त्रेता युग में मयूरेश,द्वापर युग में गजानन तथा कलयुग में धूम्रकेत के नाम से जाने गए । डॉक्टर पुरवार ने आगे बतलाया श्री गणेश जी का भौतिक स्वरूप समाज में किस तरह से रहा जाए इसकी शिक्षा देता है । इस प्रदर्शनी में कालपी के इको फ्रेंडली कागज की कटिंग से डॉक्टर पुरवार द्वारा बनाई गई लगभग 100 से अधिक क्राफ्ट पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई ।इन क्राफ्ट पेंटिंग्स के साथ–साथ उड़ीसा कलम ,बुंदेलखंडी कलम, राजस्थानी कलम की लगभग 100 साल पुरानी पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई । इस प्रदर्शनी में दक्षिण भारतीय राज्य मैसूर, मदुरई ,शिवगंगा आदि की 15वीं 16वीं शताब्दी की ताम्र मुद्राओं के साथ–साथ पलाऊ ,थाईलैंड, तुवालू ,कैमरान आदि देशों द्वारा जारी की गई विशिष्ट अपरिचित मुद्राएं भी प्रदर्शित की गई । इन मुद्राओं के साथ श्री गणेश जी के तमाम तांबे चांदी आदि के टेंपल टोकेन्स भी प्रदर्शित किए गए । इस प्रदर्शनी में श्रीमती संध्या पुरवार के द्वारा पेंसिल से बनाया गया श्री गणेश जी का चित्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रदर्शनी में नवरत्नों तथा तमाम उप रत्नों से निर्मित श्री गणेश प्रतिमाओं के साथ ताम्र पीतल आदि धातुओं की तमाम छोटी बड़ी विभिन्न प्रकार की गणेश प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र रही । सॉफ्ट ट्वाइज के बने श्री गणेश जी के साथ टेराकोटा तथा पोर्सलीन की बनी तमाम मूर्तियां इस प्रदर्शनी की शोभा बढ़ा रही है। इस प्रदर्शनी की विशेष बात यह रही कि इसमें इंडोनेशिया (बाली) नेपाल ,श्रीलंका तथा भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी विभिन्न डाक टिकटों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्रीमती संध्या पुरवार ,डा0 हरी मोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी में, श्रीमती अलका कठिल, शिव शंकर रावत, प्रदीप कुमार पाटकार ,कुमारी सिमर, किशोरी शरण शांडिल्य, नवनीत श्रीवास्तव, विकास आनन्द,विश्व नाथ पुरवार, डा0 अभिशेक गुप्ता, अखिलेश पुरवार, कु0 नीलम, श्रीमती मन्जू विजय, विजय सोनी, डा0 श्यामजी, डा0 राकेश गुप्ता,कु0 रचना आदि की विशेष उपस्थिति रही।

एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने खंगाली पुलिसिंग की हकीकत, लंबित विवेचनाओं पर दिए सख्त निर्देश

(यंग भारत न्यूज)

■ **एसपी कार्यालय की डीसीआरबी, वाचनालय समेत सभी शाखाओं का लिया जायजा, अभिलेखों के रखरखाव की जांच**
■ **पुलिस लाइन के बाद थाना आटा पहुंचीं एडीजी, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की समीक्षा**
■ **आईजी, एसपी व एएसपी के साथ बैठक में लंबित मामलों की प्रगति पर चर्चा, जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों से भी की वार्ता**

उरई (जालौन)। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने बुधवार को जनपद मुख्यालय उरई पहुंचकर पुलिस विभाग का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसिंग की व्यवस्थाओं को करीब से परखा और अधिकारियों से अभिलेखों, लंबित विवेचनाओं, कानून–व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मामलों की जानकारी ली। एडीजी के निरीक्षण को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली की जमीनी समीक्षा के रूप में देखा गया।

एडीजी ने सबसे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डीसीआरबी, वाचनालय समेत अन्य शाखाओं में पहुंचकर अभिलेखों और रजिस्टरों के रखरखाव की स्थिति देखी। संबंधित कर्मचारियों से शाखाओं में होने वाले कार्यों की जानकारी ली और अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था भी देखी गई। इसके बाद एडीजी पुलिस लाइन पहुंचीं। यहां उन्होंने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों और रजिस्टरों के रखरखाव का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों से संबंधित व्यवस्थाओं तथा विभागीय अभिलेखों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं में निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। वार्षिक निरीक्षण के अगले चरण में एडीजी ने थाना आटा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने थाने के अभिलेख, लंबित विवेचनाओं, दर्ज मुकदमों तथा पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से ऐसे मामलों की जानकारी ली जिनकी विवेचना अभी चल रही है और जिन मामलों का खुलासा किया जा चुका है, उनकी आगे की कार्रवाई के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निर्देश दिए गए कि लंबित विवेचनाओं में अनावश्यक देरी न हो तथा साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था और कानून–व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण के साथ संवेदनशील मामलों में गंभीरता से कार्रवाई और विवेचनाओं की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान आईजी झांसी रेंज आकाश कुलहरि, पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे। एडीजी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों से भी वार्ता की।

क्षमता से कई गुना अधिक बच्चों को बैठाकर दौड़ रहे ऑटो

बाहर लटकते और छत पर बैठे नजर आए बच्चे, हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन?

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारों के दावों के बीच कदौरा क्षेत्र में यातायात नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। चंद्रशी, कानखेड़ा और चतेला क्षेत्र से स्कूली बच्चों को लाने–ले जाने वाले एक ऑटो में क्षमता से कई गुना अधिक करीब 20 बच्चे सवार दिखाई दिए। इनमें कुछ बच्चे ऑटो से बाहर लटकते तो कुछ छत पर बैठकर सफर करते नजर आए। स्थानीय लोगों के मुताबिक बच्चों को इस तरह जोखिम में डालकर सफर कराना कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। जिस मार्ग से ऑटो का आवागमन होता है, वहां बालू के डंप होने के साथ ही ट्रक और डंपर भी लगातार गुजरते हैं। ऐसे में ओवरलोड ऑटो और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि अचानक कोई भारी वाहन सामने आ जाए या ऑटो अनियंत्रित हो जाए

छात्राओं की सुरक्षा में लापरवाही पड़ी भारी, तीन स्कूली वाहन निरुद्ध

उच्च न्यायालय व शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग का अभियान

-एआरटीओ प्रवर्तन ने तीन स्कूली वाहनों को थानों में कराया निरुद्ध

-यात्रीकर अधिकारी ने छह वाहनों के खिलाफ की प्रवर्तन कार्रवाई

-स्कूली वाहनों में महिला परिचर की तैनाती और पुलिस सत्यापन अनिवार्य

(यंग भारत न्यूज)

उरई। माननीय उच्च न्यायालय एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं की सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने बुधवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया। अभियान के दौरान विद्यालयी वाहनों, यात्री वाहनों तथा अन्य वाहनों की जांच की गई। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन और वाहन संचालकों को परिवहन नियमों तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान तीन स्कूली वाहनों में परिवहन नियमों एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर उन्हें नियमानुसार निरुद्ध किया गया। संबंधित वाहनों को क्षेत्र के थानों में खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में यात्रीकर/मालकर अधिकारी आनंद राय कुरिल ने भी विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की जांच की। जांच के दौरान स्कूली वाहनों सहित छह वाहनों का अनधिकृत संचालन पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। परिवहन विभाग ने जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं वाहन संचालकों को सचेत किया है कि विद्यालयी वाहनों का संचालन सभी आवश्यक एवं वैध प्रपत्रों के साथ ही किया जाए। वाहन के पंजीयन प्रमाणपत्र में स्वीकृत सीट क्षमता के अनुसार ही छात्र-छात्राओं को बैठाया जाए। इसके साथ ही विद्यालयी वाहन और उसके चालक का फिट होना अनिवार्य है। विभाग ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। छात्राओं को विद्यालय लाने और घर पहुंचाने वाले प्रत्येक वाहन में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित महिला परिचर अथवा सहायक की तैनाती सुनिश्चित करनी होगी। तैनात महिला परिचर का पुलिस सत्यापन कराया जाना आवश्यक होगा तथा उससे संबंधित संपूर्ण विवरण विद्यालय के अभिलेखों में सुरक्षित रखना होगा। निर्देशों के अनुसार जब तक वाहन में अंतिम छात्रा मौजूद रहेगी, तब तक महिला परिचर का वाहन में रहना अनिवार्य होगा। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में औचक निरीक्षण के दौरान किसी विद्यालयी वाहन में आवश्यक प्रपत्रों अथवा निर्धारित सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया गया तो वाहन के विरुद्ध कार्रवाई के साथ संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य के खिलाफ भी नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य की होगी।

विकास कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी, योजनाओं का लाभ समय से जनता तक पहुंचाएं - डीएम समीर

-सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभाग तत्काल सुधार लाएं

-स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता और राजस्व कार्यों की डीएम ने की गहन समीक्षा

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी समीर की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न सूचकांकों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षाकृत कम है, वे तत्काल अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केवल लक्ष्य प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा में उन्होंने जनपद में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने तथा अनावश्यक विद्युत बाधाओं का प्रभावी समाधान करने को कहा। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई को और बेहतर बनाने तथा नियमित निगरानी पर जोर दिया। वहीं राजस्व विभाग के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने एवं भूमि संबंधी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय आंकड़ों के अद्यतन एवं उनकी शुद्धता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि डैशबोर्ड पर दर्ज आंकड़े शासन स्तर पर जनपद के कार्यों की प्रगति को प्रदर्शित करते हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर सही, अद्यतन एवं पारदर्शी डाटा समय से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि है। प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ पात्र लोगों तक बिना अनावश्यक विलंब के पहुंचे। विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा कर कमियों को समय रहते दूर किया जाए, ताकि जनपद की विकास प्रगति को और गति प्रदान की जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच.एन. प्रसाद, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली व्यवस्था में लापरवाही पर डीएम समीर सख्त, 24 से 48 घंटे में बदलें खराब ट्रांसफार्मर

जर्जर तार-पोल व खुले ट्रांसफार्मरों पर तत्काल बैरिकेडिंग के निर्देश, अधिक शिकायत वाले क्षेत्रों को जेई-एई चिन्हित कर सुनिश्चित करें प्रभावी कार्रवाई

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन) ।जनपद में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी समीर ने वर्चुअल कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मरों, उपभोक्ता शिकायतों तथा विद्युत सुरक्षा से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से बदले जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने वाले स्थानों को चिन्हित कर विद्युत लोड का परीक्षण कराया जाए तथा आवश्यकता के अनुसार क्षमता वृद्धि करते हुए उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं, ताकि बार-बार होने वाली विद्युत बाधा को कम किया जा सके। उन्होंने जेई एवं एई को अपने-अपने क्षेत्रों में विद्युत संबंधी अधिक शिकायतों वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उनकी नियमित समीक्षा करने तथा शिकायतों के बार-बार आने के कारणों का पता लगाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां केवल शिकायतों का निस्तारण ही नहीं बल्कि समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में भी कार्य किया जाए। संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए शिकायतों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।जिलाधिकारी ने कहा कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, विद्युत कार्य के लिए शटडाउन लिया जाता है तो इसकी सूचना संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पहले से विधिवत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के फोन समय से रिसीव करने तथा विनम्र व्यवहार के साथ समस्या की सही जानकारी एवं समाधान का स्पष्ट समय बताने के निर्देश दिए। विद्युत सुरक्षा को लेकर भी जिलाधिकारी ने विशेष गंभीरता दिखाई ।उन्होंने जर्जर विद्युत तारों, क्षतिग्रस्त पोलों तथा खुले में स्थापित ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा सभी संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्युत दुर्घटनाओं से जन एवं पशुहानि की संभावना को समाप्त किया जा सके। जिलाधिकारी ने 'झटपट पोर्टल' पर प्राप्त उपभोक्ता आवेदनों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनके घर पहुंचकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 के साथ मोबाइल नंबर 7318124866 एवं 8004912655 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित विद्युत शिकायत कंट्रोल रूम के नंबर 05163-257090 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्युत संबंधी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर समय रहते उनका समाधान कराया जा सके। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता योगेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हमले के विरोध में आजाद समाज पार्टी का प्रदर्शन

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। जनपद गोंडा, बाराबंकी एवं अयोध्या में हुई हत्याओं के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए कथित हमले के विरोध में बुधवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने बताया कि जनपद गोंडा एवं बाराबंकी में विनोद साहनी व रमेश कोरी तथा अयोध्या में राम-लगन मौर्य की हत्या के बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे थे। आरोप है कि 13 सितंबर को बाराबंकी के थाना रामनगर क्षेत्र के बुढ़वल में उनके काफिले को रोककर पथराव एवं हिंसक हमला किया गया। इस घटना में कई कार्यकर्ताओं के चोटिल होने तथा वाहनों को क्षतिग्रस्त किए जाने की शिकायत की गई है। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार गौतम ने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कराकर हमले में शामिल लोगों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के काफिले पर इस प्रकार की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को पूरे मामले की पारदर्शी जांच करानी चाहिए। इस दौरान आकाश गौतम मीडिया प्रभारी, रविन्द्र कुमार उर्फ पुल्ली चौधरी, सुंदर लाल अहिरवार, शिवम चौधरी, उपेन्द्र सिंह भीम आर्मी, अजय गौतम, मनोज कुमार, निखिलेश भारती, कुलदीप कुलकर्णी मंडल प्रभारी झांसी, अभिषेक चौधरी समेत बड़ी संख्या में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेलवे की दीवार से सार्वजनिक रास्ता बंद करने की कार्रवाई का विरोध

-मियागंज के 200 परिवारों पर पड़ेगा असर, दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट

-ज्ञानेंद्र सेठ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर स्थलीय जांच की उठाई मांग

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। कस्बा कोंच निवासी ज्ञानेंद्र सेठ के नेतृत्व में अनवार, मनोज, नरेंद्र, चतुर सिंह, मुहम्मद शाहिद सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मियागंज में रेलवे विभाग द्वारा सार्वजनिक रास्ते को दीवार बनाकर अवरुद्ध किए जाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर कोंच के मियागंज में रेलवे स्टेशन से मियागंज की ओर पश्चिम दिशा में लगभग 50 फीट चौड़ा सार्वजनिक सड़क मार्ग स्थित है। आरोप है कि रेलवे विभाग द्वारा उक्त सार्वजनिक रास्ते पर दीवार बनाकर उसे अवरुद्ध करने की कार्रवाई की जा रही है। इससे क्षेत्र में निवास करने वाले करीब 200 लोगों के आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। लोगों का कहना है कि इस मार्ग से आवागमन के साथ-साथ आसपास के दुकानदारों का व्यवसाय भी जुड़ा हुआ है। रास्ता बंद होने की स्थिति में दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ेगा और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। ज्ञापन देने वालों ने जिलाधिकारी से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रकरण की स्थलीय जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक रेलवे विभाग द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर दीवार बनाकर उसे अवरुद्ध करने की कार्रवाई तत्काल रुकवाई जाए। साथ ही पूर्व की भांति आमजन का आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडीऐ जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। माधौगढ़ नगर में स्थित पालीवाल गार्डन उमरी रोड पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडीऐ जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी दयाराम प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि सपा सरकार ने जनपद जालौन में विकास कार्य किया जैसे पुलो का निर्माण महिलाएं बुजुर्ग विधवाओ को समाजवादी पेंशन दिलाने का काम किया बीजेपी सरकार ने जितने भी वादे किए वह सारे वादे झूठे किये गरीब जनता आज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है महंगी गैस बढ़ती महंगाई महंगी बिजली आदि से गरीब जनता परेशानी की हालत में दिख रही है समाजवादी सरकार ने जो भी बादे किये वह सारे बादे पूर्ण किऐ समाजवादी पार्टी जो कहती है वही करती है झूठ का पुल नहीं बंधती सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहाँ कि अब की बार सपा सरकार 2027 में समाजवादी पार्टी को लाना है समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने जब से जिला अध्यक्ष का कार्यभार संभाला तब किसी गांव में किसी व्यक्ति की कोई समस्या हो तुरंत तट पर उसके यहां पहुंच कर उसकी समस्याओं का निस्तारण करते हैं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता चाहे वह ब्लॉक अध्यक्ष हो या बूथ अध्यक्ष हो सभी कार्यकर्ता कड़ी मेहनत से गरीब जनता मजलूम मजबूर व्यक्तियों कि मदद के लिये खड़े रहते है पूर्व जिला अध्यक्ष हिमांशु ठाकुर ने बताया इस सरकार ने किसानों की हित के लियें लड़ाई लड़ी है किसानों को अधिकार दिलाने का कार्य किया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार मे समस्त मेध मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरण किये व एंबुलेंस को समस्त सामुदायिक स्वस्थ्य केदो में व्यवस्था की कोई भी मरीज चाहे वह महिला हो या पुरुषहो चाहे एक्सीडेंट का मामला हो तुरंत 108 डायल कर तुरंत को आपके घर तक पहुंचेगी आपकी पेशेंट को सुरक्षा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने का कार्य करेगी ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति जब से समाजवादी पार्टी में आए हैं तब से माधौगढ़ नगर में समाजवादी सरकार नीतियों पर खरे उतरे हैं कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जानकारी दी की समाजवादी के कार्यकर्ता शिष्टालगन से इस पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे जय समाजवाद के नारों से गूंजा पालीवाल गार्डन कपूर सिंह यादव कहाँ कि यह बीजेपी सरकार पूजीपत सरकार है गरीब किसानों का शोषण होता है हो रहा रहा है समाजवादी पार्टी ने किसान एवं गरीब लाचार व्यक्तियों की मदद की है और करती रहेगी राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने इस जनपद जालौन में विकास कार्य किए हैं कि इसकी तुलना कोई भी सरकार नहीं कर सकती अबकी बार सपा सरकार एक वोट जो देश का भविष्य बदल सकती है अपना वोट ऐसे व्यक्ति को दें जो गरीबों का मजदूर व्यक्तियों की मदद करता है उसी को अपना मत अपना वोट दें 2027 में सपा सरकार बनाएं मौके पर पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा सांसद नारायणदास अहिरवार 219 पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राघवेंद्र सिह भादौरिया पूर्व जिला अध्यक्ष हिमांशु ठाकुर पाप्पू सिह परमात्मा शारण त्रिपाठी गुलाब सिंह जाटव महिला जिला अध्यक्ष सुधा राजावत कुसुम सक्सेना ममता कुशवाहा कपूर यादव अमर सिंह मास्टर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति मनोज चौधरी मुन्नीलाल प्रजापति लाखन कुशवाहा बृजमोहन धर्मेंद्र काक्का पप्पू मिश्रा वीरेंद्र सिंह यादव गुलाब जाटव निजामुद्दीन लाखन सिंह बृजमोहन नाथूराम कुशवाहा संजय द्विवेदी प्रमोद विश्वकर्मा मंच संचालक विक्रम सिंह यादव समस्त समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्रवासी नगर वासी ग्रामवासी मौजूद रहे।

बीमार पति की मौत के सदमे में पत्नी ने त्यागे प्राण

परिवार में छाया मातम

(यंग भारत न्यूज)

कोटरा / उरई ।कस्बा कोटरा मे एक हृदयबिदारक घटना से समूचे नगर में मातम छा गया घटना को जिसने भी सुना उसकी आंखें नम हो गई कोटरा के ही छोटी माता स्थित मुलू सिंह परिहार के लड़के मानसिंह उम्र (52बर्ष)की लंबे समय से चल रहे बीमारी के कारण मृत्यु हो गई है मानसिंह की मृत्यु की खबर जैसे ही उसकी पत्नी गायत्री देवी उम्र (50बर्ष) को पता चली गहरा सदमा लगने के कारण गायत्री देवी का भी निधन हो गया पति-पत्नी के निधन की सूचना से कोटरा नगर एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई मृतक दंपति के दो लड़के रवि (25 बर्ष) और शेर सिंह(22बर्ष) है द्य बड़े बेटे रवि ने बताया कि अक्सर कभी-कभी हम लोगों से मां गुस्से में रहती थी कि हम तो तुम्हारे पापा के साथ ही जाएंगे तुम लोग यहां सब देखना जिसे सुनकर मृतक दंपति के पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है एक ही परिवार से निकली दो लोगों की सब यात्रा मैं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे जिसमें सभी की आंखें नम थी वही बेतवा नदी स्थित शमशान घाट में एक साथ दोनों लोगों का अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में गए लोगों ने बताया कि इस प्रकार की घटना कोटरा नगर में पहली बार घटित हुई जिसे भुलाया नहीं जा सकता

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ का शक्ति प्रदर्शन

- आठ हजार किसानों ने गल्ला मंडी में भरी हुंकार, मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। जनपद की कृषि संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने बुधवार को गल्ला मंडी उरई में शक्ति प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई. रेड्डी, प्रदेश अध्यक्ष भईया राम मौर्य, संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित, प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, प्रांत संगठन मंत्री कमलेश और प्रांत महामंत्री कमलेश सिंह बादा ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद करीब आठ हजार किसान एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। किसान संघ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दोगुनी करने की मांग रखी। साथ ही त्रुटिवश योजना से वंचित किसानों और वर्ष 2019 के बाद जिन किसानों के नाम जमीन दर्ज हुई है, उन्हें भी सम्मान निधि का लाभ देने की मांग की गई। भूमि अधिग्रहण नियमों में सुधार और मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

सिंचाई व्यवस्था में सुधार की मांग

किसान संघ ने बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। जालौन, झांसी और हमीरपुर के लिए बांधों से मिलने वाले पानी से सिंचाई की अवधि बढ़ाने, खराब सरकारी नलकूपों की पाइप लाइन और नालियों को दुरुस्त कराने तथा नहरों, माइनरों और रजवाहों की सफाई व मरम्मत कराने की मांग की गई। ड्राई एरिया में सरकारी एवं निजी नलकूपों की बोरिंग कराने और जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग भी रखी गई।

निजी नलकूपों को 24 घंटे बिजली देने की मांग

किसान संघ ने निजी नलकूपों को निश्शुल्क बिजली देने के मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए किसानों की आशंका दूर करने के लिए स्पष्ट आश्वासन देने की मांग की। बुंदेलखंड में निजी नलकूपों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति, नई विद्युत लाइनों से नलकूपों को जोड़ने तथा गलत बिजली बिलों की समस्या दूर करने की मांग की गई। निजी नलकूप लगाने के लिए 90 प्रतिशत अनुदान और प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग भी रखी गई।

फसल नुकसान पर 30 हजार रुपये प्रति एकड़ सहायता मांगी

किसान संघ ने अतिवृष्टि से खरीफ फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर बीमा राशि दिलाने तथा शासन से 30 हजार रुपये प्रति एकड़ सहायता देने की मांग की। जालौन और कोंच मंडी में धान खरीद के दौरान कथित कटौती व अधिक तौल तथा हरी मटर की खरीद में अधिक तौल और भुगतान में देरी का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने हरी मटर का उचित मूल्य दिलाने, डीएपी और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा खाद वितरण में किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने की मांग की। एकड़ के हिसाब से निर्धारित खाद एक ही बार में उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में की गई। इसके अलावा चकरोड से खेतों तक जाने वाले रास्तों को पक्का कराने, खकसीस बीज भंडार और रूरा सिरसा सहकारी समिति को सुचारु रूप से संचालित कराने सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग की गई। धरने का संचालन जिला मंत्री आनंद द्विवेदी ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह चौहान, जिला सहमंत्री ज्ञानेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, जैविक प्रमुख ओमप्रकाश द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष रामआसरे, कार्यालय मंत्री सरमन प्रजापति, जिला युवा प्रमुख अरविन्द यादव, अशोक सोनी, बीज प्रमुख, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु, दयाल सिंह, बृजकिशोर, राजेन्द्र माहेश्वरी, श्रीमती सुनीता गुप्ता महिला प्रमुख, ब्लाक अध्यक्ष, मानवेन्द्र सिंह गुर्जर जालौन, रामबाबू सिंह डकोर, सुभाष दीक्षित महेवा, धमेन्द्र शिवहरे कुठौद, आनन्द तिवारी कदौरा, विश्राम सिंह चौहान माधौगढ़, सत्येन्द्र सिंह राजावत रामपुरा, बृजकिशोर पाण्डे नदीगाँव,कृष्ण कुमार निरंजन लालजी कोंच , एवं ब्लाक मंत्री रामऔतार माधौगढ़ संतोष शर्मा कुठौंद, धरमपाल राजपूत महेवा, सुशील तिवारी जालौन, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा कॉच, मनीष अवस्थी कचौरा, शिशुपाल यादव नदीगांव, अशुल गुर्जर नितिन प्रजापति समेत विभिन्न ब्लाकों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

झगड़ा करने पर हल्का इंचार्ज ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान

(यंग भारत न्यूज)

कालपी ।एक ग्राम में कुछ दिनों पूर्व दो पक्षों को एक दूसरे के घर में घुसकर आपस में झगड़ा करना महंगा पड़ा वही हल्का इंचार्ज में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 के तहत अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेजा।

ग्राम गुड़ा खास में कुछ दिनों पूर्व दो पक्षों की एक दूसरे के घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था घटना के बाबत दोनों पक्षों की तहरीर में कालपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हल्का इंचार्ज रामजी लाल गिरफ्तारी करने में जुटे हुए थे वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने उक्त गांव के निवासी गण राजीवपुत्र तुलसीराम विमल पुत्र रामबाबू रामनारायण पुत्र मानसिंह समेत तीनों लोग दर्ज मुकदमे में आरोपी के वजह से गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण करा कर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

दो नाबालिग किशोरियां इज्जत लुटा कर लौटी वापस

अपहरण की गई दो सगी किशोरी बहिनों को चौकी प्रभारी ने किया बरामद

(यंग भारत न्यूज)

कालपी ।नगर मोहल्ले हरीगंज स्थित मकान से एक माह पूर्व दो सगी किशोरी बहिनों को दो आरोपी युवकों ने अपहरण घटना को अंजाम दिया था घटना में दर्ज मुकदमे में कोतवाली कालपी प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के निर्देश पर महमूदपुरा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा सिपाही महिला रोशनी सिपाही हमीदशाह आदि पुलिस बल के साथ गिरफ्तारी तथा बरामदी अभियान में जुटे हुए थे वही मुखबिर की सूचना मिलते ही जोल्हूपुर मोड 17 वर्षीय पायल 16 वर्षीय कुमकुम समेत दोनों बहिने हाईवे सड़क पास खड़े होकर कहीं जाने के लिए बाहन का इंतजार कर रही थी तभी पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेर कर दोनों सगी बहिनों को बरामद कर कोतवाली कालपी महिला पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द की घटना मे चौकी प्रभारी ने अवगत कराया कि दो सगी किशोरी बहिनों की बरामदी कर डॉक्टरी एवं अदालत में बयान कराने हेतु कार्यवाही शुरू कर दी है उन्होंने बताया कि किशोरियों के अपहरण कर्ताओं को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

दूसरे दिन सैकड़ो भक्तों ने स्थित गणेश महोत्सव की पूजा अर्चना

नगर में गणेश उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पंडालों में स्थापित गणेश की प्रतिमाओं की आरती में बडी संख्या में आस्थावान शामिल हो रहे है।

(यंग भारत न्यूज)

कालपी जालौन 16 सितंबर नगर में इस वर्ष भी 5 दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन श्याम पैलैस में किया गया है जंहा प्रतिदिन सुबह शाम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति बप्पा का अभिषेक,श्रृंगार व महाआरती की जा रही है।शाम को भजन-कीर्तन व प्रसाद वितरण का आयोजन हो रहा है इसी के चलते दूसरे दिन मंगलवार शाम को पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन ने महाआरती में भाग लेकर गणेश जी का विधि विधान से पूजन अर्चन किया।इस दौरान नगर के पूर्ति निरीक्षक प्रफुल्ल मिश्रा,फायर सर्विस अधिकारी विनोद नायक, विशाल सिंह सेंगर,एसपी गोयल,प्रीति जैतली,मोनिका शर्मा,मीरा शर्मा,कुसुम मिश्रा,नरेन्द्र द्विवेदी,राम कुमार तिवारी,ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष राजू पाठक, वरिष्ठ व्यापारी अतुल उर्फ़ सिंटू गुप्ता, दीपक धवन, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नमन अग्रवाल, विवेक तिवारी,सुबोध द्विवेदी, अरविन्द सोनी, कुलदीप शुक्ला,शरद शुक्ला समेत गणमान्य नागरिक,व्यापारी व विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में आस्थावान भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है भक्तों द्वारा फूल-माला व दान-पेटी में श्रद्धा अनुसार दान भी किया जा रहा है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजन समिति ने विशेष प्रबंध किए हैं समिति के सन्दीप गुप्ता ने बताया कि मूर्ति विसर्जन 18 सितंबर के दिन शोभायात्रा निकालकर गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी नगर में गणेशोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

औरैया मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अजगर की मौत, वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई की मांग

(यंग भारत न्यूज)

जालौन। जालौन-औरैया मुख्य मार्ग पर बुधवार देर रात सड़क पार कर रहे एक अजगर की अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार सुबह सड़क किनारे अजगर का शव पड़ा देख राहगीरों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन व आसपास के ग्रामीणों को दी। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, आहार की तलाश में वन्यजीव अक्सर रात के सन्नाटे में जंगलों व खेतों से निकलकर सड़कों तक पहुंच जाते हैं। बुधवार रात भी सड़क पार करते समय यह भारी-भरकम अजगर किसी अनियंत्रित वाहन का शिकार बन गया।

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध

भारतीय अजगर कानूनन एक अत्यधिक संरक्षित वन्यजीव है:

कानूनी दजा: अजगर को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) की अनुसूची-1 में सूचीबद्ध किया गया है, जिसके तहत इसे बाघ व तेंदुए जैसे जीवों के समान ही सर्वोच्च कानूनी सुरक्षा प्राप्त है।

सजा का प्रावधान: अनुसूची-1 के जीवों को मारना, शिकार करना या लापरवाही से नुकसान पहुंचाना धारा 9 और धारा 51 के तहत संज्ञेय व गैर-जमानती अपराध है। दंड: दोषी पाए जाने पर न्यूनतम 3 वर्ष से लेकर अधिकतम 7 वर्ष तक के कठोर कारावास और कम से कम ?25,000 के जुर्माने का प्रावधान है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इस मार्ग पर वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्रों को चिह्नित कर गति-अवरोधक व चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही, वन विभाग की टीम को सूचना देकर अजगर के शव का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराने और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है।

पुलिस का गुड वर्क : पति पत्नी का विवाद दोनों पक्षों से वार्ता के बाद पुलिस ने कराया समझौता

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुवा निवासी महिला ने मंगलवार को अपने पति पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए यूपी 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। जहा दोनों पक्षों से वार्ता के बाद दोनों पक्ष साथ रहने को राजी हो गए।

मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवसी राधा देवी ने पुलिस को सूचना दी कि उसका पति मोहित आए दिन उसे परेशान करता है और उसके साथ मारपीट करता है। मंगलवार की सुबह भी उसके साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी पति को कोतवाली ले आई। बाद में महिला और उसके परिजनों को भी कोतवाली बुलाय गया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी संजय कुमार यति व महिला आरक्षी दीपिका सिंह ने दोनों पक्षों से अलग अलग वार्ता की। इसके बाद दोनों पक्षों को आमने सामने बुलाकर वार्ता की गई। पुलिस की समझाइश और दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों पक्ष साथ रहने को राजी हो गए। पति ने भविष्य में पत्नी के साथ विवाद न करने और पारिवारिक जीवन को आपसी सहयोग व सौहार्द के साथ चलाने का आश्वासन दिया।

बुढवा मंगल को शराब व मांस की बिक्री बंद रखने की मांग की

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। आगामी 22 सितंबर को होने वाला मंगलवार पावन बुढ़वा मंगल है। बुढवा मंगल को श्रीराम भक्त हनुमान जी के मंदिरों व भक्तों के घरों में आयोजन को लेकर नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने तहसीलदार अभिनय द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर शराब व मांस की बिक्री बंद रखने की मांग की है।

नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने तहसीलदार अभिनय द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि बुढ़वा मंगल के पवित्र अवसर पर नगर की सभी शराब व मीट की दुकानें बंद रखी जाएं। पदाधिकारियों ने कहा कि इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए आते हैं। यदि शराब व मीट की दुकानें खुली रहती हैं तो मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती है। सनातन प्रेमियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सनातन धर्म और संस्कृति की पवित्रता को बनाए रखने के लिए इस दिन मांस-मदिरा की दुकानों को बंद रखना बहुत जरूरी है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा, प्रदेश मंत्री अवध किशोर, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण मिश्रा, केसी पाटकर, वाचस्पति मिश्रा, सुशील वाजपेयी, संतोष सोनी, राहुल यादव, पंकज वर्मा आदि रहे।

पत्नी द्वारा गहने और नकदी लेकर घर से चले जाने की शिकायत की

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। पत्नी द्वारा गहने और नकदी लेकर घर से चले जाने की शिकायत पीड़ित पति ने एसपी को शिकायती पत्र देकर की है। पति ने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार एसपी से लगाई है। रामपुरा थाना क्षेत्र निवासी कल्लू शाह ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज स्थित अपने मायके में रहती थी। बीती 14 सितंबर को वह घर में रखे मां के जेवर व लगभग दो लाख रुपये नकद लेकर घर से चली गई। तभी उसका कहीं पता नहीं है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पति ने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार एसपी से लगाई है।

राजकीय सस्ते गल्ले की दुकानों का निरीक्षण कर ई-केवाईसी शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिये

(यंग भारत न्यूज)

कालपी-उरई। उपभोक्ताओं को नियमानुसार सरकारी खाद्यान्न वितरण की हकीकत परखने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक प्रफुल मिश्रा के नेतृत्व में राजकीय सस्ते गल्ले की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोटेदारों को उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत कराने तथा निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पूर्ति निरीक्षक प्रफुल मिश्रा ने तहसील क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों की दुकानों का औचक तरीके से निरीक्षण किया। महेवा विकासखंड के ग्राम ताहरपुर में किशन चंद तथा कालपी नगर के मुहल्ला दमदमा की प्रधान सिंह की दुकानों का निरीक्षण किया गया। पूर्ति निरीक्षक ने सरकारी खाद्यान्न के स्टॉक का मिलान किया गया तथा वितरण व्यवस्था की जांच की गई। पूर्ति निरीक्षक ने प्रत्येक दुकान पर ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कोटेदारों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का पारदर्शी एवं नियमानुसार वितरण करने तथा दुकान परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कोटेदारों को हिदायत दी है कि अवशेष ज्वार का वितरण किया जाये।इस दौरान पूर्ति निरीक्षक ने उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित कर विभाग की योजनाओं को बता कर जागरूक किया।

क्षेत्र में गणेश पूजा की धूम गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना का सिलसिला जारी

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। नगर व क्षेत्र में गणेश पूजा की धूम है। नगर में 22 स्थानों पर विशेष रूप से बनाए गए पूजा पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना का सिलसिला जारी है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। नगर व क्षेत्र गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयकारों से गूंज रहा है। पूजा पंडालों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण गणेश भक्ति से सराबोर हो उठा है। मूर्ति स्थापना के बाद तीसरे दिन पूजा पांडालों में सुबह से ही गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया है। कुछ स्थानों पर सात दिन तो कुछ स्थानों पर नौ दिन चलने वाले इस गणेश उत्सव के पर्व पर भक्त सुबह शाम पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ लोगों ने घरों में भी गणेश प्रतिमा की स्थापना की है। कई स्थानों पर गणेश पांडाल में प्रतिमा के सामने श्रद्धालुओं और सेवादारों ने रात भर जागरण कर प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश महिमा का गुणगान किया। गणेशोत्सव के दौरान पंडाल में भव्य सिंहासन पर विराजमान भगवान श्री गणेश का प्रतिदिन सवेरे और शाम आरती के अलावा विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। नगर में बेनी बाई मार्केट व ग्राम उरगांव में बने दुर्गा पांडालों में विशेष पूजा अर्चना की गई।

महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा न होने से बाजार आने बाली महिलाओ को भारी परेशानी

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। नगर के बाजार में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा न होने से खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं और बच्चियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी के लिए आने वाली महिलाएं कई-कई घंटे बाजार में रहती हैं। ऐसे में पिंक शौचालय की सुविधा नहीं होने से उन्हें असहज स्थिति से गुजरना पड़ता है। नगर के प्रमुख बाजार झंडा चौराहे के आसपास रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां खरीदारी के लिए पहुंचती हैं। कपड़े, घरेलू सामान, किराना सहित अन्य जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में उन्हें काफी समय लग जाता है। बाजार में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण सबसे अधिक परेशानी उन्हें शौचालय की जरूरत पड़ने पर होती है। कई बार शर्म और संकोच के कारण महिलाएं अपनी परेशानी किसी से कह भी नहीं पातीं। ऐसे में उन्हें मजबूरी में सार्वजनिक स्थानों का सहारा लेना पड़ता है। महिला सुषमा, मधु देवी, विनीता आदि का कहना है कि नगर के बाजार क्षेत्र में महिलाओं के लिए सुरक्षित, साफ-सुथरे और सुविधायुक्त सार्वजनिक शौचालय होना बेहद जरूरी है। खासकर प्रमुख बाजारों और अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पिंक शौचालय की व्यवस्था होने से महिलाओं को काफी राहत मिल सकती है। महिलाओं ने नगर के बाजार क्षेत्र में पिंक शौचालय बनवाने की मांग की है। ताकि बाजार में खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं और युवतियों को सुविधा मिल सके और उन्हें असहज परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

सीएचसी में सफलता पूर्वक दो महिलाओं के आप्रेशन हुये

(यंग भारत न्यूज)

कालपी जालौन। सीएचसी कालपी में विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 2 महिलाओं के सफलता पूर्वक सीजर आप्रेशन किये गये हैं। जिनमें जच्चा-बच्चा पूर्णत: स्वस्थ हैं।

चिकित्सालय के आधुनिक आप्रेशन थियेटर में महिला चिकित्साधिकारी डॉ गरिमा सचान एमएस तथा डॉ विशाल सचान, डॉक्टर शेख शहरयार की टीम के द्वारा प्रसव पीड़ित महिला का कुशलतापूर्वक सीजर ऑपरेशन किया गया है। एनेस्थेस्टिस्ट डा विशाल सचान ने बताया कि एमएस का कोर्स पूरा करने के बाद डाक्टर गरिमा सिंह की मौजूदगी महिलाओं के निरंतर सीजर ऑपरेशन किये जा रहे है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में महिलाओं का नि:शुल्क सीजर ऑपरेशन करने की व्यवस्था है। उन्होंने शासन की योजना का लाभ हासिल करने की मांग की है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता के मुताबिक चिकित्सालय में जच्चा-बच्चा की पूर्णत: सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की व्यवस्था है।

सात बाउट में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

रोहतक में 19 को सजेगी इंटरनेशनल बॉक्सिंग ब्लास्ट फाइट नाइट, नशे से दूर रखना उद्देश्य

रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से रोहतक के मानसरोवर पार्क में 'इंटरनेशनल बॉक्सिंग ब्लास्ट फाइट नाइट सीरीज-1' का भव्य आयोजन किया जाएगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इवेंट हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से ट्रायल के जरिए चुने गए बेहतरीन सीनियर वर्ग के नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनके बीच 7 फाइनल बाउट करवाई जाएंगी।

दर्शकों के लिए एंट्री फ्री

आयोजकों ने बताया कि इस इवेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस रोमांचक फाइट नाइट को देखने के लिए दर्शकों से कोई एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। बॉक्सिंग प्रेमी और आम नागरिक बिना किसी शुल्क के मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं।

भविष्य की योजनाएं

रोहतक से शुरू हुई इस पहल को लेकर संघ की योजना है कि भविष्य में इस तरह के आयोजन हर दो महीने में अलग-अलग जिलों में भी किए जाएं। संघ का दीर्घकालिक विजन इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का है, जिसके लिए सभी के सहयोग और प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर डॉ. राजीव, संचालक स्वर्ण आयुर्वेद, विनेश लाकड़ा कोर कमेटी सदस्य, डॉ. संदीप मोर सेक्रेटरी रोहतक बॉक्सिंग संघ, नवीन हुड्डा ज्वाइंट सेक्रेटरी हरियाणा बॉक्सिंग संघ, इंटरनेशनल बॉक्सर व कोच संजीव कुमार, कोच विजय हुड्डा, कोच नवीन खोखर, कोच नवीन ढांडा, कोच नवीन नेहरा, कोच सुरेंद्र ढांडा, कोच मनोज कादियान, कोच दीपक छिक्कारा समेत अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता की मुख्य विशेषताएं

- **प्रतियोगिता का स्वरूप:** इस इवेंट में कुल सात फाइनल बाउट्स (मुकाबले) करवाई जा रही हैं। बच्चों का चयन उनके नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की अचीवमेंट्स तथा ट्रायल बेसिस पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। इसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से बेहतरीन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।
- **प्रतिभागियों की आयु वर्ग:** इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के सीनियर वर्ग के बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।
- **समय और स्थान:** यह ओपन बॉक्सिंग फाइट नाइट शाम 6:00 बजे मानसरोवर पार्क, रोहतक में आयोजित की जा रही है।

प्रशासन का सहयोग

जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने बताया कि इस आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन से पूरी तरह से अनुमति और प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। रोहतक के प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों को इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है, जो सभी का मान-सम्मान बढ़ाएगी। संघ का मुख्य जोर केवल खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है, बिना किसी भेदभाव के सभी को समान मंच प्रदान करना है।

युवाओं को सही दिशा देना उद्देश्य

जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करना है। आज का युवा सोशल मीडिया और अन्य भटकावों के चलते कई बार गलत आदतों या नशे की तरफ आकर्षित हो रहा है। ऐसे में इस तरह के खेल आयोजन बच्चों में अनुशासन पैदा करने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का काम करेंगे। खेलकूद से जुड़ने पर युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा तथा वे अनुशासित जीवन की ओर अग्रसर होंगे।

खबर संक्षेप

पहली बार अफ्रीका में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बुडापेस्ट। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अफ्रीका में होने जा रहा है जब मंगलवार को कीनिया की राजधानी नैरोबी को 2029 के सत्र का मेजबान चुना गया। कीनिया लंबे समय से लंबी दूरी की दौड़ में एक मजबूत देश रहा है लेकिन उसने अब तक इतने बड़े स्तर की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। इसके बाद 2031 में चैंपियनशिप जर्मनी लौटेगी जहां म्यूनिख इसकी मेजबानी करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने हंगरी में 'अल्टीमेट चैंपियनशिप' के बाद यह फैसला सुनाते हुए कहा, 'अपनी चैंपियनशिप को पहली बार अफ्रीका ले जाना ऐतिहासिक होगा।' उन्होंने कहा, 'एथलेटिक्स कीनिया की संस्कृति का अहम हिस्सा है।' इस फैसले से ट्रैक पर शानदार प्रदर्शन करने वाले देश के तौर पर कीनिया की पहचान तो बढ़ेगी लेकिन साथ ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश समीक्षा के दायरे में रहेगा क्योंकि उसके कुछ शीर्ष धावक डोपिंग में पकड़े गए हैं।

विमान के अंदर पथिरागे के 5 भाले क्षतिग्रस्त

कोलंबो। श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश पथिरागे को उस समय झटका लगा जब एशियाई खेलों से पहले हवाई यात्रा के दौरान उनके 5 भाले क्षतिग्रस्त हो गए, जिनसे उन्होंने अभी तक कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी 13 सितंबर को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद तुर्किए एयरलाइन्स की उड़ान से बुडापेस्ट से श्रीलंका लौट रहा था। पथिरागे ने कहा, 'विमान के अंदर मेरे सभी पांचों भाले क्षतिग्रस्त हो गए। इनसे मैंने जीत हासिल की थी। मैं आगामी एशियाई खेलों, 2028 के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में इनका उपयोग करता।'

टी-20 सीरीज : सैमसन का अर्धशतक, नीतीश रेड्डी ने 3 विकेट झटके

भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर 2-0 की विजयी बढ़त बनाई

नई दिल्ली

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। अफगानिस्तान के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सैमसन (57 रन, 22 गेंद, सात चौके, चार छक्के) और अभिषेक शर्मा (39 रन, 19 गेंद, दो चौके, चार छक्के) के बीच पहले विकेट की 6.2 ओवर में 88 रन की साझेदारी की बदौलत सिर्फ 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इशान किशन ने भी 23 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से नाबाद 38 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से दिग्गज लेग स्पिनर राशिद खान ने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। नितीश कुमार रेड्डी (24 रन पर तीन विकेट) और अर्शदीप सिंह (35 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने इससे पहले अफगानिस्तान को नियमित अंतराल पर झटके दिए, जिससे टीम आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी।

अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ने भी एक-एक विकेट चटकाया। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। राशिद खान (28) और मोहम्मद नबी (20) ने सातवें विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

दारविश रसूली (26) ने भी उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में 82 रन जोड़े। अभिषेक ने मुजीब उर रहमान की लगातार गेंदों पर चौकों के साथ खाता खोला और फिर नबी पर दो छक्के जड़े। सैमसन ने धीमी शुरुआत के बाद अजमतुल्लाह की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने नबी को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन छक्कों और दो चौकों से 27 रन बटोरे।

अफगानिस्तान-159/8 (20)

खिलाड़ी	रन
इब्राहिम का बिश्नोई बो रेड्डी	37
गुरबाज का बिश्नोई बो अर्शदीप	00
अटल का तिलक बो बिश्नोई	12
नायब का सैमसन बो रेड्डी	10
रसूली का तिलक बो अर्शदीप	26
उमरजई का तिलक बो अक्षर	11
मोहम्मद नबी का अक्षर बो बुमराह	20
राशिद खान का अक्षर बो रेड्डी	28
नूर अहमद नाबाद	07
मुजीब उर रहमान नाबाद	04

अतिरिक्त: 04
कुल 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन.
विकेट पतन: 1-0, 2-31, 3-50, 4-67, 5-96, 6-100, 7-148, 8-148
गेंदबाजी: बुमराह 4-1-25-1, अर्शदीप 4-0-35-2, अक्षर 4-0-28-1, बिश्नोई 4-0-32-1, रेड्डी 3-0-24-3, दुबे 1-0-13-0

भारत-163/3 (14.5)

खिलाड़ी	रन
सैमसन का नबी बो राशिद	57
अभिषेक का रहमानुल्लाह बो राशिद	39
इशान किशन नाबाद	38
श्रेयस का जादरान बो राशिद	11
तिलक वर्मा नाबाद	15

अतिरिक्त: 03
कुल 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन
विकेट पतन: 1-88, 2-99, 3-123
गेंदबाजी: मुजीब 3-0-37-0, नबी 3-0-44-0, अजमतुल्लाह 2-0-23-0, राशिद 3.5-0-36-3, नूर 2-0-14-0, फारूकी 1-0-6-0

सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले बने खिलाड़ी

जिम्बाब्वे के टेलर ने तोड़ा तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



वनडे करियर में टेलर के 205 पारियों में 6,704 रन

टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे। इनमें से एक शतक उन्होंने भारत के खिलाफ बनाया था। विश्व कप 2015 में भारत के खिलाफ मैच के बाद टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की काउंटी क्लब नॉटिंघमशायर के साथ तीन साल का 'कोलपैक' करार किया। हालांकि वह इस अनुबंध को पूरा नहीं कर सके और अपने आखिरी सीजन के दौरान ही क्लब छोड़ दिया।

22 साल, 4 महीने का हुआ करियर

टेलर ने रिटायरमेंट और आईसीसी के साढ़े तीन साल के प्रतिबंध के बाद 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

उत्तर क्षेत्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप: देहरादून में हरियाणा के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, जीते 13 पदक

रोहतक

उत्तराखंड के देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 37वीं उत्तर क्षेत्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के एथलीटों ने अपने दमदार खेल प्रदर्शन से शानदार शुरुआत की है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से 171 लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने अबतक 13 जीते हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। महासचिव प्रदीप मलिक ने सभी विजेताओं के परिणामों की जानकारी साझा की।

इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

- **अनिल कुमार (भिवानी):** डिस्कस थ्रो और शॉट पुट इवेंट दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।
- **रोहित बैनीवाल (सोनीपत):** शॉट पुट इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- **दीपिन्द (महेंद्रगढ़):** 800 मीटर दौड़ में बेहतरीन दौड़ लगाते हुए स्वर्ण पदक जीता।
- **मनजल (पानीपत):** 100 मीटर दौड़ में शानदार गति दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- **हरप्रीत (कैथल):** शॉट पुट इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- **मोनी (पानीपत):** 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता।
- **निशा (चरखी दादरी):** जेवलिन थ्रो इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया।
- **आर्यन यादव (भिवानी):** लड़का जेवलिन थ्रो इवेंट में रजत पदक जीता।
- **अक्षदीप (जींद):** लड़की शॉट पुट इवेंट में रजत पदक हासिल किया।
- **रुद्र (पानीपत):** डिस्कस थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीता।
- **पुष्पराज (रेवाड़ी):** हाई जंप इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- **पुलराज (पानीपत):** शॉट पुट इवेंट में कांस्य पदक जीता।
- **नेहा सैनी (फतेहाबाद):** 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया।

भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, टास्क फोर्स का गठन

नई दिल्ली

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी की दिशा में चुनौतियों की समीक्षा के लिए नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक और सलाहकार युगल किशोर जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया है। इस सदस्यीय समिति में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल और भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ के अध्यक्ष भी होंगे, जो इस समय अरिंदम घोष हैं। महासंघ के चुनाव इस महीने के आखिर में होने हैं। कार्यबल में वाणिज्य और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि भी होंगे।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि, एफएमएससीआई की ओर से नामित तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

2028 में रेस की मेजबानी

खेलमंत्री मांडविया ने कहा, 'इस समिति का काम भारत में मोटरस्पोर्ट के विकास के लिए व्यापक तरीके सुझाना और फॉर्मूला वन को फिर से यहां शुरू करने के लिए रोडमैप तैयार करना है ताकि हम 2028 में रेस की मेजबानी कर सकें।'

जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियन गेम्स

टी-20 फॉर्मेट में फिर गूंजेगा भारत का डंका

नई दिल्ली

एशियन गेम्स में 'क्रिकेट' भारत के लिए एक बार फिर सबसे बड़े 'गोल्ड मेडल' दावेदारों में होगा, जिसमें एक नहीं, बल्कि दो गोल्ड देश के नाम हो सकते हैं। साल 2023 में आयोजित हांगझोउ एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने गोल्ड जीते थे। इस बार जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच खेले जाने वाले एशियन गेम्स में फिर से भारतीय फैंस को अपने खिलाड़ियों से ऐसी ही आस है। यह मुकाबले टी20 फॉर्मेट में खेले जाने है, जिसमें हाल के समय में भारत की पुरुष और महिला टीम का दबदबा नजर आया है।

भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का मिश्रण

एक ओर पुरुष टीम इसी साल मार्च में टी20 वर्ल्ड कप विजेता बनी है, तो दूसरी तरफ बीते रविवार को महिला टीम ने एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का शानदार मिश्रण है। पुरुष टीम में कई ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। वहीं, महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके साथ युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी टीम को संतुलित बनाती है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम का चयन आज

भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति बुधवार को जब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी तो ऋषभ पंत और फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या को शामिल किए जाने की संभावना पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगा। टी20 मैचों की शुरुआत 6 अक्टूबर से होगी और पूरी संभावना है कि इसके लिए नई टीम चुनी जाएगी, जो एशियाई खेलों में भाग लेगी।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना लक्ष्य : सिंड्रेला

मुंबई

भारतीय टेबल टेनिस में तेजी से उभरती 17 वर्षीय खिलाड़ी सिंड्रेला दास का लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना है। सिंड्रेला अभी आईटीटीएफ (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ) की महिला एकल रैंकिंग में 99वें जबकि युवा वर्ग में 27वें स्थान पर काबिज हैं। उन्हें विश्वास है कि वह जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखने में सफल रहेंगी।

पिछले महीने राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल और अंडर-19 लड़कियों के एकल में खिताब जीतने से कोलकाता की सिंड्रेला पर सबकी निगाहें टिक गईं। उनकी उपलब्धियों में अल्टीमेट टेबल टेनिस के महिला एकल मैच में स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराना भी शामिल है।

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश

फिटनेस बनाने पर ध्यान केंद्रित

सिंड्रेला ने कहा कि जब वह खेल नहीं रही होती हैं तो मानसिक रूप से मजबूत बनने और अपनी गलतियों का विश्लेषण करने पर ध्यान देती हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैच नहीं चल रहे होते हैं तो मैं अपनी फिटनेस और मानसिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं सुबह करीब 3-4 घंटे और शाम को 2-3 घंटे अभ्यास करती हूं और अपनी फिटनेस को भी बरकरार रखा करती हूं।'

एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित

सिंड्रेला ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। हम निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। मेरा लक्ष्य जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना भी है।' सिंड्रेला ने कहा कि यह साल उनके लिए सबसे अच्छा रहा है और वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में भी सफल रही लेकिन अब भी बहुत कुछ सीखना बाकी है। उन्होंने कहा, 'यह साल मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है क्योंकि मेरा चयन एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और युवा ओलंपिक के लिए हो चुका है। मैं अब सीनियर टीम में हूं। मैंने कई मैच हारे हैं, कई जीते हैं। अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।'

एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

मुंबई। शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस साल के आखिरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दरअसल, दिसंबर में ही 'एवेंजर्स: डूम्सडे' और 'ड्यून 3' जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में ऐसी अफवाहें तेज हो चलीं कि इन बड़ी फिल्मों से टकराव रोकने के लिए 'किंग' को पोस्टपोन किया जा सकता है। लेकिन, अब शाहरुख खान ने कन्फर्म कर दिया है कि 'किंग' तय डेट पर ही रिलीज होगी। सुपरस्टार ने कन्फर्म किया कि 'किंग' को पोस्टपोन नहीं किया जाएगा, भले ही दिसंबर 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म आने में अभी 100 दिन बाकी हैं ना... 24 दिसंबर, छो।'

लाइफ Style

आंचल

14 साल से इंडस्ट्री में, फिर भी अपना घर नहीं

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है। खासकर फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह शहर सफलता और चमक-दमक का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी अक्सर कलाकार अपने खूबसूरत घरों, आलीशान इंटीरियर और लग्जरी लाइफस्टाइल की तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

मुंबई

टीवी अभिनेत्री आंचल खुराना ने हाल ही में अपने घर का जो वीडियो दिखाया, वह इस चमकती तस्वीर से बिल्कुल अलग है। 'एमटीवी रोडीज 8' की विजेता रह चुकीं आंचल ने अपने मुंबई वाले 1 बीएचके किराए के फ्लैट का ऐसा टूर कराया, जिसमें उन्होंने बिना किसी बनावट के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक दिखाई। आंचल ने अपने व्लॉग में बताया कि मुंबई में जिस 1 बीएचके फ्लैट में वह रहती हैं, उसका मासिक किराया करीब 70 हजार रुपए है। खास बात यह है कि इतने किराए के बावजूद घर के आसपास कोई शानदार गार्डन, स्विमिंग पूल या समुद्र का खूबसूरत नजारा नहीं है। उनके फ्लैट की खिड़कियों से दूर तक फैली चॉल और झुग्गी बस्ती दिखाई देती है। आंचल ने इस स्थिति को लेकर कोई शिकायत करने के बजाय इसे मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में घर खरीदना उनके लिए अभी भी बहुत दूर की बात है। अभिनेत्री ने यहां तक मजाक किया कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और इंडस्ट्री की स्थिति है, उन्हें अपना घर खरीदने में 400-500 साल लग सकते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कोई लग्जरी या बेहद खूबसूरत घर नहीं है, बल्कि किराए का एक साधारण फ्लैट है, जिसके लिए उन्हें हर महीने 70 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं।

हॉलीवुड मसाला

टॉम-जेंडाया ने अभी नहीं की है शादी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के चर्चित कपल टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी को लेकर उनके स्टाइलिस्ट ने नया खुलासा किया है। दावा किया है कि दोनों ने अभी आधिकारिक तौर पर शादी नहीं की है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी की मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट आया है। महीनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि स्पाइडर-मैन स्टार्स ने चुपचाप तरीके से शादी कर ली है। मगर, जेंडाया के स्टाइलिस्ट और करीबी दोस्त लॉ रोच का कहना है कि कपल अभी आधिकारिक रूप से शादीशुदा नहीं है।

छह साल बाद किया परफॉर्म मंच पर हुईं भावुक

पेरिस। सिंगर सेलीन डायोन ने संगीत के मंच पर भावुक वापसी कर ली है। हाल ही में पेरिस में आयोजित शो में उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इसके साथ ही सेलीन शो के दौरान काफी खुश नजर आईं सिंगर सेलीन डायोन ने गंभीर बीमारी से लड़ने के बाद स्टेज पर वापसी कर ली है। वह कई साल बाद पेरिस में शो के दौरान फैंस के लिए भावुक हो गईं। सिंगर सेलीन डायोन ने हाल ही में पेरिस में कई साल बाद अपना शो किया। इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वादा किया था। मंच पर वापस आने का और मैं यहां हूं। मैं आप सबको देखकर बहुत खुश हूं। मैंने आप सभी को बहुत याद किया। मैं जो भी हूं, आप आपके प्यार की वजह से हूं। इस दौरान सिंगर के चेहरे पर खुशी के आंसू देखने मिले। 58 वर्षीय डायोन ने पेरिस के ला डिफेंस एरिना में अपनी आवाज का जादू बिखेरा।



बेबी शावर सेरेमनी में निभाईं रस्में

मुंबई। साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरू जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस बीच पहली बार मां बनने जा रही एक्ट्रेस का बेबी शावर हुआ है। सामंथा ने पारंपरिक 'सीमंतम' सेरेमनी के फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिसमें पारंपरिक अंदाज, रस्म और मंत्रों की गूंज ने फैंस का दिल जीत लिया है। इसमें पति राज भी सामंथा पर प्यार लुटाते हुए दिख रहे हैं। सामंथा ने बताया है कि बेबी शावर सेरेमनी के दौरान निभाई गई श्रीविद्या परंपरा के खास रस्म ने उन्हें भावुक कर दिया। तस्वीरों और वीडियो में एक्ट्रेस फूलों से सजी, एक खुली जगह पर बैठी नजर आईं। पुजारियों की मौजूदगी में श्रीविद्या परंपरा की रस्म अदायगी हुई। यह रस्म तमिल और तेलुगु परंपराओं का हिस्सा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आशीर्वाद दिया जाता है।

नए लुक में गणेश चतुर्थी पूजा में पहुंचे...

नई दिल्ली। अभिनेता सलमान खान नीता अंबानी और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में नए लुक में शामिल होकर हर किसी का ध्यान खींच लिया। 14 सितंबर को मुकेश अंबानी के घर पर गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया था, जहां कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान और कृति सेनन समेत बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस गणेश पूजा में सलमान खान ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वैग मारते हुए सिंपल लुक में एंट्री की और देखते ही देखते उनका लुक छा गया। उन्होंने कॉन्फिडेंट लुक में एंट्री मारी। उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से कवर किया। लाइट ब्लू स्ट्रिप शर्ट और डेनिम जींस में एक्टर हैंडसम लग रहे हैं। सलमान खान का नया लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

टीवी मसाला

आसिफ और यंग समेत चार घर वालों पर साजिश के आरोप

नई दिल्ली। चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' की बात हो और इसमें विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। शो के ताजा एपिसोड में बिग बॉस ने यंग डीएसपी, सोहेल खान, आसिफ खान और स्वाउट पर सभी कंटेस्टेंट्स को शो से बाहर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके चलते उन्हें सीधे नॉमिनेट कर दिया गया है। 'बिग बॉस 20' में एक नया ट्विस्ट देखा गया। बिग बॉस ने घर के अंदर यंग डीएसपी, सोहेल खान, आसिफ खान और स्वाउट पर घर के दूसरे सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाने का आरोप लगाया। कप्तान होने के कारण यंग तो सजा से बच गए, लेकिन नियमों के कथित उल्लंघन के कारण सोहेल, आसिफ और स्वाउट को सीधे एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया गया। बता दें कि एपिसोड की शुरुआत नॉमिनेशन प्रक्रिया से हुई, जिससे घर के अंदर कई समीकरण सामने आए। प्रतियोगियों से उन सभी सदस्यों के नाम बताने को कहा गया, जिन्हें वे घर से बाहर होते देखना चाहते थे। इसके चलते तीखी बहस हुई और कई नाम सामने आए। आम्रपाली, अभिषेक, मालती, आसिफ, अमन, अदिति, गुल्लू और स्वाउट जैसे कई सदस्य नॉमिनेशन से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में रहे। एलिमिनेशन नॉमिनेशन में आम्रपाली, ईशा, आसिफ और लव जैसे नामों का भी जिक्र किया गया। मगर, एपिसोड खत्म होते-होते एक नया ट्विस्ट आया, जिसने सभी को चौंका दिया। बिग बॉस ने यंग, सोहेल, आसिफ और स्वाउट पर अन्य घरवालों को घर से बाहर भेजने की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया।

मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं : बिग बी

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन 83 उम्र के हैं, लेकिन इस उम्र में भी वह काम को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। वह लंबे घंटे तक काम करते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं और अपनी सेहत और काम को लेकर पोस्ट और ब्लॉग के जरिए फैंस को अपडेट करते रहते हैं। अब हाल ही में बिग बी ने एक पोस्ट किया जिसके बाद ये अफवाह उड़ने लगी कि बिग बी रिटायरमेंट ले सकते हैं। अब बिग बी का इस पर रिएक्शन आया है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में क्लियर किया कि वह रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं और उनके रिटायर पोस्ट का मतलब ये नहीं था कि वह रिटायर हो रहे हैं बल्कि उनका मतलब है कि वह दिन के काम से रिटायर होकर सो रहे हैं। इसके अलावा बिग बी ने उन कुछ मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज की आलोचना की जिन्होंने उनके रिटायरमेंट की खबर लिखी। बिग बी ने आगे लिखा, 'जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं। अंग्रेजी में इसका मतलब होता है मैं अब सोने जा रहा हूं और यहां मतलब आपको आने का निमंत्रण नहीं है।'

राधिका का अनोखा गणपति लुक

भरतनाट्यम से जमाया रंग



मुंबई। मुंबई में अंबानी परिवार का गणपति उत्सव हर साल अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहता है। इस बार भी एंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए खास आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, इस पूरे समारोह में राधिका मर्चेंट का अंदाज कुछ अलग रहा। उन्होंने सिर्फ अपने आउटफिट से ही ध्यान नहीं खींचा, बल्कि भरतनाट्यम प्रस्तुति के जरिए भारतीय संस्कृति और फैशन के खूबसूरत मेल को भी सामने रखा। राधिका मर्चेंट प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं और गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर उन्होंने एंटीलिया में खास प्रस्तुति दी। इस परफॉर्मेंस के लिए उनका पहनावा भी साधारण नहीं था। उनके लिए खास तौर पर तैयार किया गया आउटफिट भारतीय पारंपरिक टेक्सटाइल की खूबसूरती और क्लासिकल डांस की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। यही वजह रही कि उनका लुक सिर्फ देखने में खूबसूरत नहीं लगा, बल्कि उनकी डांस परफॉर्मेंस के साथ भी पूरी तरह जुड़ा हुआ नजर आया।

एमी अवॉर्ड्र्स: मैथ्यू बने बेस्ट लीड एक्टर, जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास

लॉस एंजिल्स। 78वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स 2026 के मुख्य विजेताओं का ऐलान हो चुका है। बता दें कि इससे एक सप्ताह पहले तकनीकी और सहायक श्रेणियों के लिए क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवॉर्ड्स प्रदान किए गए थे। अब मुख्य विनर्स की लिस्ट भी सामने आ चुकी है। हॉरर-कॉमेडी सिरीज द रैफल और द पिट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

मैथ्यू राइस ने झटके दो अवॉर्ड, बनाया रिकॉर्ड : अवॉर्ड सेरेमनी में मैथ्यू ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। मैथ्यू ने एक नहीं, बल्कि दो अवॉर्ड जीते। इसी के साथ मैथ्यू राइस ने एक ही साल में दो 'लीड एक्टर' अवॉर्ड जीतकर एमी अवॉर्ड्स के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वो इस सेरेमनी के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। सोमवार को हुई सेरेमनी में मैथ्यू ने पहले नेटफ्लिक्स की द चीटर्स इन द में अपने काम के लिए 'लीड एक्टर (लिमिटेड)' का अवॉर्ड जीता। इसके बाद उन्होंने सिरीज वो के लिए 'लीड कॉमेडी एक्टर' का अवॉर्ड अपने नाम किया।

जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास : अभिनेत्री जीन स्मार्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का एमी पुरस्कार मिला है। उन्हें 'हैक्स' के लिए यह प्रदान किया गया है। यह उनका लगातार पांचवीं बार 'लीड एक्ट्रेस' का अवॉर्ड है। वह ऐसी पहली कलाकार हैं, जिन्होंने किसी सीरीज के पूरे रन के हर सीजन के लिए एक्टिंग एमी जीता हो। इसी के साथ जीन ने इतिहास रच दिया है। यह उनके करियर का आठवां एमी पुरस्कार है।

नोह वाइल, रिया सीहोर्न ने भी झटकी ट्रॉफी : एमी पुरस्कार पर नोह वाइल का भी कब्जा रहा। नोह ने 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज में लीड एक्टर का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा रिया सीहोर्न ने प्लूरिबस के लिए ड्रामा सीरीज में मुख्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वहीं, रिचा कस्टीलियो और सेलिना हार्बर ने प्रीटिएस्ट लुकर के लिए सपोर्टिंग एक्टिंग अवॉर्ड जीते हैं।

मुख्य अवॉर्ड सेरेमनी के विजेताओं की लिस्ट कुछ इस तरह है

ड्रामा श्रेणी के विजेता : लीड एक्टर के तौर पर नोह वाइल ने 'द पिट' के लिए पुरस्कार जीता।

मुख्य अभिनेत्री के लिए रिया सीहोर्न ने 'प्लूरिबस' के लिए अवॉर्ड

सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड कैथरीन लैनेसा ने 'द डिप्लोमैट' के लिए जीता

बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अकीस हार्डी जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अकीस हार्डी जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

बेस्ट एक्ट्रेस मैलीन कुइली को 'पैराडाइज' के लिए पुरस्कार मिला

कॉमेडी सीरीज श्रेणी के विजेता : 'हैक्स' के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर जीन स्मार्ट

'सिलोज वो' के लिए सपोर्टिंग अभिनेता स्टीफन रूट

'सिलोज वो' के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस कर्री केट ओ मिला

बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड सेथ रोगन को 'द स्टूडियो' के लिए मिला।

बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड केट्टी मिलशिया को सिलोज वो के लिए मिला

इस सप्ताह लगेगा क्राइम-सस्पेंस और रोमांस का तड़का

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। मनोरंजन के शौकीनों को नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा। सिनेमाघरों में छह हफ्ते बाद भी हनुमान अंश छाई हुई है। मिराज' भी बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर काबिज है। दायरा और वाइब जैसी फिल्में इस नए वीक में दस्तक देंगी। इस बीच ओटीटी पर भी माहौल जबर्दस्त रहने वाला है। क्राइम, सस्पेंस थ्रिलर से लेकर रोमांटिक सीरीज और फिल्में इस वीक में रिलीज होंगी।

लस्ट स्टोरीज सीजन 3

इस सप्ताह सबसे ज्यादा चर्चा इसी सीरीज को लेकर हो रही है। चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन आएगा। इस बार आधुनिक रिश्ते, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, नकुल वर्मा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

थुडक्कम

मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थुडक्कम' भी इस सप्ताह दस्तक देगी। बता दें कि जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित यह फिल्म 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें सहायक की भूमिका में हैं।

द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। इसे ली सेउंग-यंग और अन हे-जोन ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसॉन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

मोबलैंड सीजन 2

ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

इडली कड़ाई

धनुष की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

मैंगो पच्चा

अगर क्राइम ड्रामा फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीक 'मैंगो पच्चा' आप देख सकते हैं। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 14 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह कन्नड़ क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके जरिए संचित संजीव ने डेब्यू किया है, जो कि किच्चा सुदीप के भतीजे हैं।

कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीज, सुनील और कबीर दुहान सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

एक बार फिर बड़ी ताकत बनकर सामने आ रहे कुंवर हरिवंश सिंह

संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

- सनातन शक्ति सम्मेलन आगरा से पहिले कुंवर हरिवंश सिंह को 18 दलों ने संरक्षक बनाया
- यूजीसी कानून रोल बैक सहित दलों ने कहा कि अवसरवादी राजनीति कूटनीति से देश परेशान
- सवर्ण आयोग बने हम कुंवर हरिवंश सिंह को चाहते कि उनको आयोग का अध्यक्ष चुना जाय

(यंग भारत न्यूज)

देश की लोकसभा में सर्वश्रेष्ठ सांसद पांचवा स्थान मिला प्रतापगढ़ के विकास पुरुष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जब अपना दल एस नेता मंत्री बहिन अनुप्रिया ने जब कड़ी टिप्पणी किया तो योगी का बचाव कर अपनी टिकट कटवाने की कीमत भी चुकाई खास रिपोर्ट कार्ड पुस्तिका में जिस लोकसभा प्रतापगढ़ सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हर साल पांच बर्ष रिपोर्ट कार्ड पुस्तिका सौंपी हर जन जन को अपना रिपोर्ट कार्ड दिया था लेकिन

समाज पर जब कोई टिप्पणी सूची किया तो स्पष्ट आज भी बोलते कि मंत्री सांसद विधायक से बड़ी कुर्सी समाज की है उनके इसी ईमानदारी से देश विदेश में उनके समर्थक हैं आज 2027 की शुरुआत से पहिले कुंवर साहब एकबार फिर चर्चा में है उनके चाणक्य वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने उनके साथ जिन राज नैतिक दलों के लोगों से बात कराया उसके बाद आज यह स्पष्ट है कि भारत समाज पार्टी राजभर जो बीजेपी में दुग्ध बोर्ड में रह चुके भारतीय किसान यूनियन भानू ने यूजीसी कानून रोल बैक को लेकर खुला ऐलान किया है समाचार भारतीय की रिपोर्ट साफ है कि नए युग का करो स्वागत — आगरा से सनातन का शंखनाद 2009-2014 में 14 दलों को साथ लेकर सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाने वाले अखिल भारतीय

क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह जी के आगरा सम्मेलन को मिला बड़ा समर्थन भारत देशम मोर्चा - सनातन योद्धा न सिर्फ समर्थन में खड़ा हुआ है, बल्कि संगठन ने कुंवर हरिवंश सिंह जी को अपना राष्ट्रीय संरक्षक घोषित कर दिया है।

भारत देशम मोर्चा के संस्थापक बाबूजी कुबेर भंडारी पूर्व विधायक जी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर संजय सिंह जी ने कहा — '18 दल साथ में — मैदान होगा हाथ में '18 दलों के महागठबंधन की सूची इस प्रकार है:1. लोक बंधु पार्टी, 2. मानवतावादी समाज पार्टी, 3. भारतीय मजदूर दल, 4. अम्बेडकर युग पार्टी, 5. मजदूर क्रांति पार्टी, 6. आदर्श लोक दल (उ.प्र.), 7. संयुक्त स्वदेश पार्टी, 8. भारतीय कामगार पार्टी, 9. भारतीय जनक्रांति दल, 10. जन सत्ता पार्टी ऑफ इंडिया, 11. आधी आबादी पार्टी, 12. समाचार पत्र वितरक डिस्ट्रीब्यूशन संघ - संजीव केद्री (राष्ट्रीय संयोजक) + हिंदू रक्षा सेना महामंडलेश्वर प्रबोधानंद जी महाराज, 13. पच्चासी परिवर्तन समाज पार्टी, 14. संयुक्त जनादेश पार्टी, 15. आदर्श संग्राम पार्टी, 16. सर्वजन समाज पार्टी, 17. फूलन जनता पार्टी, 18. सर्वजन हिताय पार्टी कुंवर हरिवंश सिंह जी — पूर्व सांसद / राष्ट्रीय अध्यक्ष — इस ऐतिहासिक सम्मेलन के कार्यक्रम अध्यक्ष होंगे। दिनांक: 20 सितंबर 2026 7 स्थल: सूरसदन प्रेक्षागृह, Near संजय पैलेस - आगरा 7 समय: 11 AM to 5 PM आयोजकों ने बताया कि आगरा के बाद लखनऊ और दिल्ली में बड़ी रैली का ऐलान हो सकता है। कई अन्य दलों की भी दस्तक शुरू हो गई है।

।।धर्मो रक्षति रक्षितः ।।
जय सनातन - जय भारत - गर्व से कहो हम सनातनी हैं
मनीष गुप्ता
समाचार भारतीय, लखनऊ
आगरा तो झांकी है, लखनऊ-दिल्ली

क्रिया और प्रतिक्रिया जीवन के दर्पण में हमारा प्रतिबिंब

(यंग भारत न्यूज)

जीवन एक प्रतिध्वनि है। हम जो संसार में भेजते हैं, वही किसी न किसी रूप में लौटकर हमारे जीवन का हिस्सा बन जाता है। हमारी प्रत्येक क्रिया— चाहे वह शब्दों में व्यक्त हो, व्यवहार में दिखाई दे या फिर केवल विचारों में जन्म ले अपने साथ एक प्रतिक्रिया को जन्म देती है। यही प्रकृति का शाश्वत नियम है और यही जीवन का मौन सत्य भी है।

अक्सर हम परिस्थितियों, लोगों और उनके व्यवहार को दोष देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि प्रतिक्रिया कभी शून्य से उत्पन्न नहीं होती। उसके पीछे कहीं न कहीं कोई क्रिया अवश्य होती है। कभी वह हमारी होती है, कभी समाज की और कभी समय की। इसलिए यदि हम केवल प्रतिक्रिया को देखकर निर्णय करेंगे, तो सत्य का आधा ही पक्ष देख पाएँगे। मानवीय संबंधों में यह सिद्धांत और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। एक मधुर शब्द किसी के मन में विश्वास जगा सकता है, तो एक कटु वचन वर्षों से बने संबंधों में दरार भी डाल सकता है। एक छोटी-सी संवेदना किसी के जीवन में आशा का दीप जला सकती है, जबकि उपेक्षा किसी को भीतर तक तोड़ सकती है। हमारी क्रियाएँ केवल घटनाएँ नहीं होतीं अपितु वे भावनाओं के बीज होती हैं, जिनकी प्रतिक्रिया समय आने पर फल बनकर हमारे सामने आती है। यह भी सत्य है कि हर प्रतिक्रिया का उत्तर प्रतिक्रिया से देना आवश्यक नहीं। जीवन की परिपक्वता वहीं से आरंभ होती है, जहाँ मनुष्य अपनी प्रतिक्रिया का चयन विवेक से करता है। क्रोध के उत्तर में धैर्य, कटुता के उत्तर में करुणा और अन्याय के विरुद्ध दृढ़ता... ! यही वे प्रतिक्रियाएँ हैं जो व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करती हैं। परिस्थितियाँ हमें परखती हैं, लेकिन हमारी प्रतिक्रिया हमें परिभाषित करती है। दोस्तों !आज समाज में बढ़ती असहिष्णुता का एक बड़ा कारण यह है कि हम सुनने से अधिक उत्तर देने की जल्दी में रहते हैं। संवाद का स्थान पर आरोप, धैर्य का स्थान पर आवेश और आत्मचिंतन का स्थान दोषारोपण ने ले लिया है। यदि हम अपनी प्रत्येक क्रिया से पहले एक क्षण ठहरकर उसके परिणामों पर विचार करेंगे और प्रत्येक प्रतिक्रिया से पहले अपने विवेक को जागृत करेंगे,तो न जाने कितने ही विवाद जन्म लेने से पहले ही समाप्त हो जाएं ।हमारी प्रकृति भी यही संदेश देती है। बीज जैसा बोया जाएगा, वृक्ष भी वैसा ही होगा। प्रतिध्वनि वही लौटाती है जो हम उसे सुनाते हैं।हमारा जीवन भी इसी नियम पर चलता है। इसलिए यदि हम सम्मान, प्रेम, विश्वास और सद्भाव चाहते हैं, तो इनका प्रारंभ हमें स्वयं से करना होगा। अतः जीवन की गुणवत्ता परिस्थितियों से नहीं, अपितु हमारी क्रियाओं और प्रतिक्रियाओं से निर्धारित होती है। जो व्यक्ति अपनी क्रिया में सजग और प्रतिक्रिया में संयमी होता है, वही जीवन के वास्तविक अर्थ को समझ पाता है। क्योंकि संसार को बदलने का सबसे प्रभावी मार्ग दूसरों की प्रतिक्रिया बदलना नहीं, अपितु अपनी क्रिया को श्रेष्ठ बनाना है।

याद रखिए -
क्रिया हमारा परिचय देती है,
प्रतिक्रिया हमारे व्यक्तित्व का स्तर बताती है,
और दोनों मिलकर हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं।
जय सियाराम जी की

सीमा शर्मा तमन्ना
नोएडा उत्तर प्रदेश

टूटी सड़क सुधरवाने को मण्डलायुक्त से मिलीं पार्षद रितिका तिवारी

(यंग भारत न्यूज)

झांसी। वॉर्ड नम्बर-31 लहरगिर्द द्वितीय की पार्षद रितिका तिवारी ने वॉर्ड की जर्जर एवं टूटी सड़कों के शीघ्र मरम्मत एवं निर्माण कराने तथा निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे को ज्ञापन दिया। पार्षद रितिका तिवारी ने बताया कि वॉर्ड में बनायी जा रही सड़कों की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, कई जगह उखड़ी पड़ी है सड़क। पार्षद रितिका तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से मण्डलायुक्त से जांच की मांग की।

ग्रोवर के माध्यम से क्षेत्र में फसल क्षति का सत्यापन कराए जाने के निर्देश : जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किसानों को जागरूक करने हेतु किसान रथ होगा रवाना
- न्याय पंचायत स्तर बीमा कम्पनी कैम्प आयोजित कर फसल के अनुसार प्रीमियम जमा करने की दें जानकारी :- जिलाधिकारी
- एनजीटी के आदेशानुसार फसल अवशेष

(यंग भारत न्यूज)

झांसी। विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अध्यक्षता करते हुए सर्वप्रथम जनपद में फसल क्षति के सर्वे से संबंधित जानकारियां ली, इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित किसानों को खेत में आग न लगाए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनपद में अतिवर्षा की दृष्टिगत निर्देश दिए कि सभी अधिकारी किसानों की शिकायतों और उनकी समस्याओं को संवेदनशील होकर सुनते हुए तुरंत निस्तारण करें, किसान दिवस शासन स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण है।उन्होंने उपस्थित किसानों के मध्य कहा कि किसान इस अवसर पर अधिक से अधिक खेती किसानी में आ रहीं समस्याओं को बताएं ताकि समस्याओं का निस्तारण किया जा सके और किसान दिवस की सार्थकता सिद्ध हो। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान दिवस में किसानों द्वारा दी गई शिकायतों/ समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण हो, उसके लिए संबंधित अधिकारी किसान बैठक में अवश्य उपस्थित रहे, अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि खेती किसानी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना और समस्याओं को संवेदनशील होकर तत्काल निस्तारण किया जाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी विभागों को आपसी सामंजस्य बनाते हुए किसानों को अधिक से अधिक विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेती को कैसे लाभदायक बनाया जाय, उनके उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, कैसे उन्हें उनकी उपज का बेहतर दाम दिलाया जा सके पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। किसान दिवस पर आयोजित किसान बैठक में किसानों द्वारा मूंगफली,उर्द में हुए नुकसान की जानकारी देते हुए बीमा कंपनी से संबंधित शिकायत की, डीएम ने एक्शन लेते हुए बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द न्याय पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करते हुए बीमित किसानों को बीमा पालसी दिये जाने के संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अंश की अनुसार ही फसल बीमा प्रीमियम काटा जाए ताकि फसल क्षति पर क्लेम प्राप्त करने में समस्या न हो। उन्होंने उपस्थित किसानों को सुझाव दिया कि बीमा क्लेम की जानकारी कृषि अधिकारियों को भी उपलब्ध कराएं, ताकि क्लेम न मिलने पर समीक्षा की जा सके। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रिजीड्यू योजनांतर्गत (फसल अवशेष प्रबंधन) जनपद स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को पराली न जलाए जाने हेतु जागरूक किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को चरितार्थ करती महिला किसान एवं अन्य कृषकों से अपील करते हुए कहा कि खेत में आग न लगाएं। कृषि अवशेष घरों का कूड़ा खेत में किसी भी दशा में न जलाएं। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि पराली प्रबंधन से किसानों की आय को बढ़ाया जाए और इसे मूर्त रूप देने के लिए किसानों को निशुल्क वेस्ट डी कंपोजर कैप्सूल वितरित किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसान इसका उपयोग करें और पराली कृषि अवशेष को खाद बनाते हुए अपने फसल उत्पादन को बढ़ावा दें। उन्होंने विशेष रूप से विकास खंड मोट और बड़ा गाँव तथा चिरगांव के किसानों को जागरूक करने पर बल देते हुए कहा कि खेत में आग लगाने से अथवा कृषि अवशेष को जलाने से जहां एक ओर वायुमंडल दूषित होता है वहीं खेत के मित्र कीट भी मृत होते हैं, साथ ही मृदा के पोषण तत्वों की भी क्षति होती है जिस कारण पैदावार में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण के अदेशानुसार फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है तथा पर्यावरण विभाग के निर्देशानुसार 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिये रु 2500/-, 02 से 05 एकड क्षेत्र के लिये रु 5000/-एवं 05 एकड़ से अधिक के लिये रु 15000/- तक पर्यावरण कम्पन्सेशन की वसूली का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में पराली की घटना पाये जाने पर सम्बन्धित को दण्डित करने के सम्बन्ध में राजस्व अनुभाग द्वारा राष्ट्रीय हरित अभिकरण अधिनियम की धारा 24 के अन्तर्गत क्षति पूर्ति की वसूली एवं धारा-26 के अन्तर्गत उल्लघंन की पुनरावृत्ति होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कारावास एवं अर्थ दण्ड लगाये जाने का प्राविधान है। इस अवसर पर किसान नेता श्री महेंद्र शर्मा, किसान नेता श्री कमलेश लंबरदार,श्री राजेश कुमार बिरगुंआ,श्री सुरेंद्र पुरातिनी सहित अन्य किसानों ने भी अपनी समस्याओं को रखा और अधिकारियों से समय से उनका निस्तारण कराए जाने की मांग की। किसान दिवस के मौके पर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने किसानों और अधिकारियों के साथ प्रतिभाग किया। आयोजित किसान दिवस का संचालन जिला कृषि अधिकारी ने किया।बैठक में पराली प्रबंधन हेतु डॉ0 विमल राज,डॉ0 निशि राय,डॉ0 केवी मजूमदार वैज्ञानिक, सचिव मंडी बबलू कुमार, श्री संजय कुमार अवर अभियंता,विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री दीपक कुशवाहा, श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, श्री लल्ला सिंह, श्री अनिल कुमार, श्री राजकुमार राजपूत, श्री शरद शर्मा श्री राजेश कुमार सहित लघु सिंचाई,उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, बीमा कंपनी व अन्य विभागीय अधिकारी तथा किसान गण उपस्थित रहें।

हनुमान कथा के तीसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, कल धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान का जन्मोत्सव

(यंग भारत न्यूज)

बरुआसागर। नगर के चौरसिया गली में न्यू बाल गणेश समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय हनुमान कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पं. भूपेंद्र दीक्षित जी महाराज ने श्रद्धालुओं को हनुमान जी की भक्ति, मर्यादा और भगवान श्रीराम के प्रति उनके समर्पण का महत्व बताया।

कथा के दौरान पं. भूपेंद्र दीक्षित जी महाराज ने कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति हमें सेवा, विनम्रता, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सदैव प्रभु का स्मरण करते हुए सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा के बीच भजनों और जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान रागनी एवं हृदेश चौरसिया सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक बैठकर कथा का श्रवण किया और भगवान हनुमान की भक्ति में लीन नजर आए। समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिवसीय आयोजन के तहत कल भगवान के जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति ने नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर प्रत्येक बूथ पर जलाया जायेगा आर्शीवाद का दिया : प्रदीप पटेल

(यंग भारत न्यूज)



झांसी। भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के दिन से सभी बूथों पर आर्शीवाद के दीया के अभियान के अंतर्गत शाम को हर घर दीप महा अभियान का भव्य शुभारंभ किया जायेगा।17 सितंबर से 7 अक्टूबर के मध्य विद्यालयों मे मेरे सपनो का भारत चित्र सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 18 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा अनकही कहानियां नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेगी।25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन दिन आंगन मिलन सेवा आयोजित किया जायेगा।17 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच जिले के समस्त शक्ति केंद्रों पर सेवा की कहानी कार्यक्रम चलाया जायेगा। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य चयनित परिवर्तनकारी स्थलों पर 25 साल 25 कहानी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 7 अक्टूबर को हर गांव से सेवा ज्योति कलश यात्रा विकसित भारत का संकल्प निकाली जायेगी। युवा मोर्चा द्वारा काशी से बडनगर सेवा यात्रा निकाली जायेगी। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम चलाया जायेगा। 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के मध्य ब्लॉक पर सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जायेगा। 7 अक्टूबर को सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सेवा संकल्प अभियान का समापन कार्यक्रम सुशासन सेवा संबाद 17 अक्टूबर को होगा। जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बताया कि सभी अभियानों को सफल बनाने के लिए अलग अलग जिम्मादारी पदाधिकारियों को सौंप दी गयी

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718